www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**सोशल मीडिया पर भारत संवाद**

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.c

28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.935g

चांदी 106,000kg

2 उन्माद में न बदले सितारों के प्रति लगाव, हमें अपने राष्ट्रीय आदर्शों का विवेकसम्मत चयन करना होगा

कनाडा मंदिर अध्यक्ष प्रॉपर्टी फायरिंग केस 04

वर्ष :08 | अंक :353 | मुंबई, शनिवार, 14 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## राजस्थान में 2-3 दिनों तक भीषण गर्मी और गर्म रातें जारी रहेंगी: आईएमडी

पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। इसी बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को राजस्थान के लिए पूवार्नुमान जारी किया है। इस अनुमान के मुताबिक आगामी दो से तीन दिनों तक खास तौर से पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कई हिस्सों में गर्म हवाएं चल सकती है। इस दौरान भीषण गर्मी और गर्म रातें जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान के श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। एएनआई से बात करते हुए, मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने कहा, पिछले 24 घंटों में, राज्य के कई हिस्सों में तापमान 1-2 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों तक लू, भीषण लू और गर्म रात की स्थिति जारी रहने की संभावना है, खासकर पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में। श्री गंगानगर (राजस्थान) में सबसे अधिक तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने कहा, अगले 24 से 48 घंटों के बाद राज्य के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। पिछले 2 दिनों में मानसून की गतिविधियां पहले से ही बढ़ गई हैं।

## मणिपुर की एयर होस्टेस लामनुनथेम सिंगसन अपने परिवार की कमाने वाली एकमात्र सदस्य थी

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए मणिपुर के दो चालक दल के सदस्यों में से एक लामनुनथेम सिंगसन (26) अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं। उनके परिवार को पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा का दंश झेलना पड़ा था। सिंगसन के एक रिश्तेदार ने शुक्रवार को बताया कि उसने आखिरी बार अपनी विधवा मां से 11 जून को फोन पर बात की थी। उन्होंने बताया कि सिंगसन ने अपनी मां से कहा था कि उसे बृहस्पतिवार को लंदन के लिए उड़ान भरनी है और इसीलिए रात को जल्दी सोना चाहती है। रिश्ते में सिंगसन के भाई लुन किपगेन ने कहा कि चार भाई-बहनों में तीसरी संतान, सिंगसन परिवार की एकमात्र बेटी थी और उनकी विधवा मां ने उन सभी को पालने के लिए बहुत संघर्ष किया था। किपगेन ने बताया, 26 वर्षीय सिंगसन परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उसका सबसे बड़ा भाई बेरोजगार है और एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है, जबकि दो अन्य भाई पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अस्वस्थ होने के बावजूद उनके सबसे बड़े भाई अहमदाबाद के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि एक अन्य भाई और एक अन्य रिश्तेदार कांगपोकपी से नगालैंड के दीमापुर गए हैं तथा वे वहां से अहमदाबाद जाएंगे।

# प्लेन क्रैश में बचे इकलौते यात्री से मिले पीएम मोदी, घायलों का हालचाल जाना

## पैसेंजर रमेश बोला- दरवाजा टूटा और मैं सीट समेत नीचे गिर गया

**एयर इंडिया विमान दुर्घटना**

▶▶ब्रिटिश नागरिक 38 वर्षीय रमेश गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सीट 11ए पर बैठे थे - जो आपातकालीन निकास द्वार के ठीक पीछे स्थित है - जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

एजेंसी



पीएम नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति से मुलाकात की। रमेश विश्वासकुमार बुचरवाड़ा, जो दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया विमान एआई 171 में सवार 242 लोगों में से एक थे, चमत्कारिक रूप से दुर्घटना में बच गए। ब्रिटिश नागरिक 38 वर्षीय रमेश गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सीट 11ए पर बैठे थे - जो आपातकालीन निकास द्वार के ठीक पीछे स्थित है - जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए थे। दुर्घटना के कुछ क्षण बाद लिए गए एक वीडियो में घायल रमेश को एम्बुलेंस की ओर जाते हुए दिखाया गया है, जबकि आसपास खड़े लोग उसे घेरकर विमान में सवार अन्य लोगों के बारे में पूछ रहे हैं। अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान एआई171 दुर्घटना में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति, जिसमें 265 लोग मारे गए थे

> रमेश ने डॉक्टरों से कहा कि वे विमान से कूदे नहीं थे, बल्कि विमान के टूटने के समय वे अपनी सीट से बंधे हुए ही बाहर फेंके गए थे। उन्हें चोटें आईं और उन्हें ट्रॉमा वार्ड में निगरानी में रखा गया है। अब वायरल हो रहे एक वीडियो में घायल और खून से लथपथ रमेश को एम्बुलेंस की ओर लंगड़ाते हुए जाते हुए दिखाया गया है, जबकि आसपास खड़े लोग उनसे विमान में सवार बाकी लोगों के बारे में सवाल पूछ रहे हैं।

## मोदी ने विमान दुर्घटनास्थल का लिया जायजा



अहमदाबाद : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद के मेघानीनगर में हुए विमान दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और वहां को जायजा लेने के बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। विमान हादसे से पूरा देश शोक में हैं ।प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति रमेश विश्वास से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और अन्य घायलों से भी उनका हालचाल जाना। श्री मोदी विमान दुर्घटना के बाद पल-पल पर अपनी नजर बनाये हुए हैं। प्रधानमंत्री के साथ केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, गुजरात के मुख?यमंत्री भूपेंद्र पटेल और कई शीर्ष अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे और घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, आज अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। तबाही का मंजर दुखद है।

# हर उड़ान से पहले बोइंग 787 की जांच जरूरी : डीजीसीए

## फ्यूल सिस्टम, इंजन कंट्रोल और टेक ऑफ का रिव्यू होगा; अहमदाबाद हादसे के बाद फैसला

**हर उड़ान से पहले ये जांच जरूरी**

- फ्यूल सिस्टम की जांच यानी ईंधन से जुड़े पैरामीटर सही हैं या नहीं।
- कैबिन में हवा पहुंचाने वाले सिस्टम की जांच।
- इंजन कंट्रोल सिस्टम की जांच।
- इंजन में ईंधन डालने और ऑयल सिस्टम की जांच।
- हाइड्रोलिक सिस्टम की जांच, जो प्लेन के पहिए, ब्रेक कंट्रोल करता है
- टेक-ऑफ के आंकड़ों जैसे रफ्तार, वजन की दोबारा समीक्षा।
- एक नया फ्लाइट कंट्रोल चेक होगा, जो हर स्टॉप पर किया जाएगा।
- पावर टेस्ट (इंजन ताकत की जांच) अगले 2 हफ्ते में करना अनिवार्य है।

एजेंसी



नई दिल्ली, डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश 12 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे में 241 लोगों की मौत के एक दिन बाद जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787-8 और 787-9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स सौंपी जाएंगी। डीजीसीए ने एअर इंडिया को जेनएक्स इंजन वाले बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों के अतिरिक्त रखरखाव का निर्देश दिया है। यह आदेश 15 जून से लागू हो जाएगा। टाटा ग्रुप की एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 हैं। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर क्या है? बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एक आधुनिक, मिड-साइज, ट्विन-इंजन, वाइड-बॉडी जेट विमान है, जिसे बोइंग ने बनाया है। ये लंबी दूरी की उड़ानों के लिए डिजाइन किया गया है और पुराने बोइंग 767 को रिप्लेस करने के लिए लाया गया।

# ईंधन जलने से तापमान बहुत अधिक होने के कारण किसी को बचाने की गुंजाइश ही नहीं थी: शाह

> एअर इंडिया का लंदन जा रहा विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

एजेंसी



अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी ।शाह ने संवाददाताओं से कहा, विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की ।उन्होंने कहा, अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए की जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे। शाह ने कहा, अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं ।उन्होंने कहा, विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों से डीएनए नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

# विमान हादसे के बड़े राज से उठेगा पर्दा

## एअर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त प्लेन का डीवीआर बरामद

एजेंसी



दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के मलबे से डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) बरामद किया गया है। इस बरामदगी से जांच एजेंसियों को दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लंदन जाने वाले एयर इंडिया के बोइंग ड्रीमलाइनर का मलबा जिला अस्पताल के पास मिला है। जांच में शामिल एटीएस टीम के एक अधिकारी ने विमान में डीवीआर की खोज की, जिससे घटना की जांच में तेजी आ सकती है। रिपोर्ट बताती है कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के परिणामस्वरूप कुल 297 लोगों की जान चली गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है, साथ ही आवासीय क्षेत्र में दुर्घटना से जुड़ी 56 अतिरिक्त मौतें भी हुई हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया में तेजी भी लाई है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा। बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, एलआईसी ने एलआईसी पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है।

> रिपोर्ट बताती है कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के परिणामस्वरूप कुल 297 लोगों की जान चली गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है, साथ ही आवासीय क्षेत्र में दुर्घटना से जुड़ी 56 अतिरिक्त मौतें भी हुई हैं।

### दुर्घटना के बाद भी लोग लापता

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुर्घटना के बाद भी लोग लापता हैं। ए.आई.-171 विमान दुर्घटना के बारे में बीजे मेडिकल कॉलेज के एक कर्मचारी ने एएनआई को बताया, हम अपनी जान बचाने के लिए नीचे की ओर भागे। हमें कुछ पता नहीं चला। उस समय हम रोटियाँ बना रहे थे... 3 से 4 बच्चे मर गए, और 3 से 4 को आई.सी.यू. में भर्ती कराया गया। कल से एक महिला और 2 साल का बच्चा लापता है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश, बोइंग-787 की यात्री का दावा

### खड़खड़ाहट की आवाज आ रही थी; हादसे के डेढ़ घंटे पहले उसी फ्लाइट में लंदन से आई थी



अहमदाबाद/मुंबई, अहमदाबाद में गुरुवार को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन को लेकर एक महिला यात्री ने दावा किया है उसमें पहले से खराबी थी। क्रैश होने से डेढ़ घंटे पहले महिला उसी प्लेन से लंदन से अहमदाबाद आई थी। महिला का नाम हिनाबेन कालरिया है। वह सूरत की रहने वाली है। हिनाबेन ने बताया कि लंदन से टेकऑफ के दौरान प्लेन के अउ और सभी डिस्प्ले बंद थे। एयर होस्टेस ने इसे तकनीकी गड़बड़ी बताया था। हिनाबेनके मुताबिक, लैंडिंग के वक्त प्लेन से खड़खड़ाहट की आवाज भी आ रही थी, जिससे यात्री डर गए थे। हिनाबेन 11 जून की रात 10 बजे लंदन से बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर अक-172 से रवाना हुई थीं। यह प्लेन 12 जून की सुबह करीब 12 बजे अहमदाबाद पहुंचा था। फिर दोपहर 1:38 बजे यही प्लेन अक-171 के तौर पर अहमदाबाद से लंदन जाते सिविल हॉस्पिटल की बिल्डिंग से टकराकर समय क्रैश हो गया, जिसमें 265 लोगों की मौत हो गई ।यात्री बोली- पुरानी बस की तरह फ्लाइट से आवाज आ रही थी हिनाबेन ने बताया कि प्लेन के अंदर रखे सभी डिस्प्ले बंद थे। जब हमने यह बात एयर होस्टेस को बताई तो उसने हमसे मोबाइल अपडेट करने को कहा और बताया कि तकनीकी खराबी के कारण डिस्प्ले बंद हो गया है। फिर जब प्लेन अहमदाबाद में लैंड करने वाला था, तो एक खड़खड़ाहट की आवाज आई। आमतौर पर ऐसी आवाज एक पुरानी बस की तरह आवाज आती है।

# आबकारी घोटाले में कांग्रेस कार्यालय हुआ कुर्क

## कांग्रेस ने बताया राजनीतिक षड्यंत्र

> कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सुकमा जिले में पार्टी कार्यालय कुर्क किए जाने पर केंद्र सरकार की आलोचना की और इस कदम को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक षडयंत्र का हिस्सा बताया।

एजेंसी



छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर से हलचल मच गयी है। काफी दिनों से चल रही छापेमारी के चलते कांग्रेस का सुकमा जिले में बना कार्यालय कुर्क कर दिया गया है। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सुकमा जिले में पार्टी कार्यालय कुर्क किए जाने पर केंद्र सरकार की आलोचना की और इस कदम को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक षडयंत्र का हिस्सा बताया। ईडी ने प्रदेश में पिछली भूपेश बघेल सरकार के दौरान हुए 2100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत सुकमा स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय और विधायक व पूर्व मंत्री कवासी लखमा की कुल 6.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई की संचार शाखा के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के निर्देश पर ईडी ने पार्टी के सुकमा जिला कार्यालय को कुर्क किया है ।शुक्ला ने कहा, भाजपा के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां अपनी सीमाओं को लांघ रही है। कांग्रेस के सुकमा जिला कांग्रेस भवन को ईडी द्वारा कुर्क किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। ईडी की यह कार्रवाई भाजपा के राजनीतिक षडयंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वह जिला कार्यालय बनाने के लिये वित्तपोषण के एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना: कठिन समय से निपटने के लिए सभी समुदाय ने हाथ मिलाया, लोगों की कर रहे मदद

> एयर इंडिया प्लेन हादसे के बाद मृतकों के परिजनों की सहायता के लिए सभी समुदाय के लोग सामने आए हैं.

एजेंसी



अहमदाबाद : एयर इंडिया विमान के गुरुवार को हुए हादसे में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे. इस हादसे में कम से कम 265 लोग मारे गए. मृतकों में शामिल 241 लोग विमान में सवार थे जबकि अन्य लोग दुर्घटनाग्रस्त विमान की चपेट में आ गए. हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों की सहायता के लिए धार्मिक पहचान से इतर गोविंद और इनामुल गुरुवार शाम से ही सिविल अस्पताल के बाहर नजर आ रहे हैं. सभी धर्मों के लोग मानवता दिखाते हुए विमान हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले असहाय और व्यथित रिश्तेदारों की सहायता के लिए एक साथ आए हैं. वहीं आरएसएस के स्वयंसेवकों का एक बड़ा समूह भोजन और अन्य सामान के साथ अस्पताल के बाहर डेरा डाले हुए है. टेबल के पास बांटने के लिए पकी हुई 'खिचड़ी' रखी हुई है. साथ ही पास के दरियापुर और जुहापुरा से कई युवा पानी की बोतलों के साथ तैयार खड़े हैं.

**हड़कंप** इलाके में मचा हड़कंप

# पंजाब के पठानकोट में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी



> पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को कथित तौर पर तकनीकी दिक्कतों का सामना करने के बाद एहतियातन खुले मैदान में उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।

पंजाब। पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत हलेड़ गांव में गुरुवार सुबह भारतीय वायुसेना के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने आपातकालीन लैंडिंग की। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, किसी के घायल होने या किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को कथित तौर पर तकनीकी दिक्कतों का सामना करने के बाद एहतियातन खुले मैदान में उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। 6 फरवरी: मध्य प्रदेश के शिवपुरी के पास मिराज 2000 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रशिक्षण उड़ान के दौरान विमान में सिस्टम में खराबी आने के बाद पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए। नवंबर 2023: उत्तर प्रदेश के आगरा के पास एक अन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में बीच हवा में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया। अपाचे एएच 64ए भारतीय वायुसेना के बेड़े में सबसे परिष्कृत और घातक हेलीकॉप्टरों में से एक है, जो उन्नत लक्ष्यीकरण, नेविगेशन और हथियार प्रणालियों से लैस है। ये हेलीकॉप्टर रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरह के अभियानों में महत्वपूर्ण हैं, जिसमें उच्च ऊंचाई वाले युद्ध भी शामिल हैं। हालाँकि बार-बार आपातकालीन लैंडिंग ने भारतीय वायुसेना के विमानों की यांत्रिक विश्वसनीयता के बारे में चिंताएँ पैदा की हैं, रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि ऐसी लैंडिंग मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा हैं और अक्सर बड़ी आपदाओं को रोकने के लिए की जाती हैं। इससे पहले 27 मई की सुबह भारतीय सेना के दो हेलिकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी। उस समय यह लैंडिंग गांव ढोटिया के खेल स्टेडियम में हुई। इस बीच करीब 20 मिनट तक दोनों हेलीकॉप्टर वहां रुके। इसके बाद वह वापस लौट गए। सेना की हेलिकॉप्टर देखने के लिए ग्रामीण एकत्रित भी हुए।

दोनों हेलिकॉप्टर करीब डेढ़ मिनट के अंतराल पर दोनों हेलीकॉप्टर अलग अलग दिशाओं से आए और खेल स्टेडियम में उतरे थे। गांव के लोग सेना के हेलीकॉप्टरों को आते देख हैरान रह गए। सरपंच दिलबाग सिंह, ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन रणजीत सिंह राणा, कोच सरूप सिंह ढोटियां, समाजसेवी रविंदर सिंह गिल ने बताया कि गांव में अचानक भारतीय सेना के दो हेलीकॉप्टर उतरते देख लोग उमड़ पड़े।

# वन संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को आजीविका से जोड़ने का प्रयास करें अधिकारी : धामी



> बैठक में जानकारी दी गई कि विगत तीन वर्षों में 75 हजार से अधिक बंदरों का बंध्याकरण किया जा चुका है जबकि इस वर्ष 27 वन प्रभागों में 40 हजार बंदरों के बंध्याकरण का लक्ष्य रखा गया है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को वनों के संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को लोगों की आजीविका से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। यहां वन्यजीव बोर्ड की 21वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वनों की बहुलता वाला प्रदेश है इसलिए वन संपदाओं को आर्थिकी से जोड़ने के प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने इसके लिए वन विभाग और वित्त विभाग को बैठक करने के निर्देश दिए। धामी ने अधिकारियों को इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए आगामी 10 वर्षों के लिए विस्तृत योजना बनाते हुए वन क्षेत्रों के आस-पास ईको-टूरिज्म की गतिविधियों को बढ़ावा देने को भी कहा। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के साथ ही ऐसी घटनाओं में त्वरित मुआवजा वितरण के लिए डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली लागू करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में चिड़ियाघर और सफारी के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि वन विश्राम भवनों का रख-रखाव भी पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जाए तथा राजस्व बढ़ाने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने ऋषिकेश के निकट चौरासी कुटिया के जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये।

## सम्पादकीय

# दिल दहलाने वाली त्रासदी, विमान हादसों से लेना होगा सबक

सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि इन प्रश्नों का समय पर सही उत्तर मिले क्योंकि अहमदाबाद की दुर्घटना ऐसे समय हवाई यात्रा के प्रति लोगों के भरोसे को डिगा सकती है जब हवाई यात्री लगातार बढ़ रहे हैं। अब देश में विमान सेवाओं का संचालन मुख्यतः निजी कंपनियां कर रही हैं। क्या वे सुविधाओं के साथ हवाई यात्रा की सुरक्षा के प्रति सजग हैं ?अहमदाबाद में एअर इंडिया के लंदन जा रहे विमान का एक आवासीय क्षेत्र में गिरना और लगभग सभी यात्रियों समेत चालक दल के सदस्यों की मौत हो जाना एक बहुत ही भयावह, दिल दहलाने और हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करने वाली दुर्घटना है ।इसे दुर्भाग्य की पराकाष्ठा ही कहेंगे कि यह अभागा विमान उड़ान भरते ही मेडिकल कालेज के जिस हास्टल पर गिरा, वहां भी छात्रों समेत कई लोग मारे गए। यह विमान जिस तरह आवासीय क्षेत्र में जा गिरा, उससे यही लगता है कि पायलट को इतना भी अवसर नहीं मिला कि वह उसे रिहायशी इलाके से दूर ले जा पाता ।विश्व में विमान दुर्घटनाओं में कमी आई है। अब वे यदा-कदा होती हैं, पर ऐसा भयावह हादसा दुर्लभ है। भारत में हाल में वायुसेना के कुछ विमान एवं निजी कंपनियों के हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं और उनमें जनहानि भी हुई है, पर किसी यात्री विमान हादसे में इतनी अधिक संख्या में लोगों ने अर्से बाद जान गंवाई है। 2010 में मेंगलुरु में विमान दुर्घटना में डेढ़ सौ से अधिक लोग मारे गए थेइसके पहले 1996 में हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब जा रहे और दिल्ली आ रहे विदेशी एयरलाइन के दो विमान हवा में आमने-सामने टकरा गए थे। इसमें करीब 350 लोग मारे गए थे। यह विश्व की सबसे बड़ी विमान दुर्घटनाओं में से एक थी और अजीब भी। इस दुर्घटना में एक पायलट समेत दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल को कठघरे में खड़ा किया गया था ।अहमदाबाद में विमान दुर्घटना किस वजह से हुई और उसके लिए कौन जिम्मेदार है, इसका पता जांच से चलेगा, लेकिन एअर इंडिया के साथ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ( डीजीसीए ) को गंभीरता से हादसे के कारणों का पता लगाना और उनका निवारण करना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर प्रश्न उठते ही रहते हैं ।सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि इन प्रश्नों का समय पर सही उत्तर मिले, क्योंकि अहमदाबाद की दुर्घटना ऐसे समय हवाई यात्रा के प्रति लोगों के भरोसे को डिगा सकती है, जब हवाई यात्री लगातार बढ़ रहे हैं। अब देश में विमान सेवाओं का संचालन मुख्यतः निजी कंपनियां कर रही हैं। क्या वे सुविधाओं के साथ हवाई यात्रा की सुरक्षा के प्रति सजग हैं ?एक बार को सुविधाओं में कमी की अनदेखी की जा सकती है, पर हवाई यात्रा की सुरक्षा से तो कोई समझौता हो ही नहीं सकता।

## आज का विचार

देर से बनो
लेकिन कुछ जरूर बनो
लोग वक्त के साथ **खैरियत** नहीं पूछते है
सिर्फ **औकात** पूछते हैं

भारत संवाद




**मेष राशि :** आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए- नए विचार आ सकते हैं. आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा. किसी काम में मित्रों की सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है. परिवार में खुशहाली का वातावरण रहेगा.

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि के जातक आज बेहद व्यस्त रहने वाले हैं, काम की वजह से घर से दूर जाना पर सकता है. क्रोध और आवेश में आकर संबंधों को खराब न करें धैर्य से काम लें. आर्थिक स्थिति में अचानक से शुभ बदलाव होने की संभावना है.

**मिथुन राशि:** पेचीदा हालात में फँसने पर घबराएँ नहीं. जैसे खाने में थोड़ा-सा तीखापन उसे और भी लजीज बना देता है, उसी तरह ऐसी परिस्थितियाँ आपको खुशियों की सही कीमत बताती हैं. अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक आयोजन में शिरकत करें.

**कर्क राशि:** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा. पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग प्राप्त हो सकता है. मित्र से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए. कुछ लोगों के गलत बयान से आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है.

**सिंह राशि :** आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी. आज आपका नसीब आपके साथ बना रहने वाला है. व्यापार को बढ़ाने की लगातार चुनौती रहेगी जिससे आप थोड़े परेशान से रहेंगे. आपके पराक्रम में तो वृद्धि रहेगी. समय का सही प्रबंधन करेंगे, घर की सजावट करने में बिजी रहेंगे.

**कन्या राशि :** जिन्दगी की बेहतरीन चीजों को शिद्दत से महसूस करने के लिए अपने दिल-दिमाग के दरवाजे खोलें चिंता को छोड़ना इसकी ओर पहला कदम है. आकस्मिक मुनाफे या सट्टेबाजी के जरिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे.

**तुला राशि:** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीत सकता है. आप साथियों के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं. गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए. आपके व्यवहार से लोग प्रभावित भी हो सकते हैं.

**वृश्चिक राशि:** आज परिवार से भरपूर सहयोग मिलेगा परन्तु वैचारिक मतभेद हो सकता है. आपको अपने माता-पिता का पूरा साथ और आशीर्वाद प्राप्त होगा. संपत्ति में निवेश करने से आपको लाभ होगा. सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक दे रही है.

**धनु राशि:** धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है. दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा. अपने सामाजिक जीवन को दरकिनार न करें. अपनी व्यस्त दिनचर्या में से थोड़ा-सा समय निकालकर अपने परिवार के साथ किसी आयोजन में शिरकत करें.

**मकर राशि:** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा. ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रूका हुआ काम जल्दी पूरा हो सकता है। इस राशि के बिजनेसमैन का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा. किसी तरह के विवादों में पड़ने से आपको बचना चाहिए.

**कुंभ राशि:** यदि आप एक नौकरी कर रहे हैं तो आज आपको अपनी नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. नौकरी-धंधे की चिंता भी खत्म हो सकती है. उलझे मामलों में सफलता मिल सकती है.

**मीन राशि:** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा. आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं. किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है. वहां जाकर आप इंज्वाय भी करेंगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# उन्माद में न बदले सितारों के प्रति लगाव, हमें अपने राष्ट्रीय आदर्शों का विवेकसम्मत चयन करना होगा

**एक ओर हम राज्य की निरंतर उपेक्षा से ग्रस्त हैं वहीं अक्सर स्वयं भी समस्याओं को बढ़ावा देने या आसानी से टाली जा सकने वाली त्रासदियों को आमंत्रण देते रहते हैं। राज्य की लापरवाही हमें कुपित करती है तो खुद अपनी उदासीनता का भाव हमें कुंठा से भर देता है। राज्य जो करेगा जब करेगा लेकिन क्या हम अपने ही रवैये के भुक्तभोगी बने रहें?**

पा त्रासदियां सदैव हृदयविदारक एवं मन को व्यथित करने वाली होती हैं। कुछ ऐसी होती हैं, जो आक्रोशित भी करती हैं। सबसे बदतर वे त्रासदियां होती हैं, जो इन सबके साथ निराश और कुंठित करती हैं। बेंगलुरु में हुई भगदड़ में इन सभी पहलुओं का समावेश था। हम सभी इस पर सहमत होंगे कि भीड़ प्रबंधन का हमारा रिकार्ड बेहद भयावह है। चाहे वह धार्मिक समागम हों या राजनीतिक रैलियां, फिल्म प्रीमियर या खेलों से जुड़े आयोजन, प्रतीत होता है कि विभिन्न स्थलों पर भगदड़ों का एक अंतहीन सिलसिला कायम है। यहां कुछ प्रश्न उठने प्रासंगिक हैं कि क्या हमने पिछले हादसे से कोई सबक सीखा? क्या इसे लेकर कोई जवाबदेही होनी चाहिए? क्या आयोजक और अनुमति देने वाली प्राधिकारी संस्था एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों-राजनीतिक आका इसके उत्तरदायी हैं? इन प्रश्नों के उत्तर स्वाभाविक ही नजर आते हैं ।अक्सर सवाल उठता है कि आमजन इसमें क्या कर सकते हैं? सही मुद्दों पर अपेक्षित रूप से आवाज उठाने के अलावा यह भी विस्मृत न किया जाए कि किसी भी तंत्र में हम ही सबसे बड़े अंशभागी हैं, जिनके बिना कोई भी ठोस सुधार संभव नहीं। जहां तक बेंगलुरु जैसी भयावह भगदड़ की बात है तो उसमें भी आम जनमानस के लिए कुछ सबक निहित हैं। यह सर्वविदित है कि हमारा समाज सेलेब्रिटी सितारों की चमक से अत्यधिक प्रभावित रहता है। वैसे तो नामचीन हस्तियों के प्रति दीवानगी पूरी दुनिया में देखी जाती है, लेकिन भारत में यह कभी-कभी उन्माद की सीमा को पार कर जाती है ।हम प्राय: सराहना और जुनून के बीच की रेखा को धुंधला कर देते हैं। ऐसी ही परिस्थितियों में एक स्वीडिश संकल्पना ह्यलागोमह्ण उपयुक्त होगी। यह प्रत्येक स्तर पर संतुलन की बात करती है। न कहीं कम, न कहीं अधिक, अपितु एकदम सटीक। देखा जाए तो चाहे कामकाजी-निजी जीवन हो, मनोरंजन या फिर कोई अन्य पहलू, उसमें मध्यमार्ग ही सर्वोत्तम होता है। इसी संदर्भ में प्राचीन भारतीय आख्यानों में महाभारत से जुड़ा एक प्रसंग भी अत्यंत अर्थपूर्ण है। इसमें यक्ष के रूप में यमराज द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में युधिष्ठिर ने कहा कि तृष्णा ही सभी दुखों का मूल है और आवश्यकता से अधिक कोई भी वस्तु वास्तव में अहितकारी हो जाती है। आधुनिक समाज के लिए भी इस प्रेरक दर्शन को आत्मसात करना श्रेयस्कर होगा ।आखिर संयमित जीवनशैली वाली वह समझदारी कहां गायब हो गई? समाज में विवेकशील व्यवस्था और आत्मसंयम का भाव अतिवाद की ओर उन्मुख होने से रोकता है। इससे व्यक्ति न तो तत्काल सुख-संतुष्टि खोजता है और न ही समकालीन प्रलोभनों के फेर में फंसता है। यह सही है कि फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं, लेकिन यह भी न भूला जाए कि मूल रूप से वे मनोरंजन से ही जुड़े हैं। अपने चयनित क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रतीक और समाज के मनोरंजन जैसी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते वे सम्मान एवं सराहना के पात्र अवश्य हैं, किंतु जनता को उनके प्रति उन्मादी जुनून से परहेज करना चाहिए। हमारे दिलों में उनके लिए जगह होनी चाहिए, लेकिन वे हमारे दिमाग पर हावी न होने पाएं। सिनेमा और क्रिकेट के सितारों की एक झलक पाने के लिए हमारे लोग जिस तरह किसी भी कठिनाई का सामना करने से लेकर अपनी जान जोखिम में डालने से भी गुरेज नहीं करते, वह रवैया न केवल अतार्किक, बल्कि किसी सनक या पागलपन से कम नहीं ।समय की मांग है कि संयम की संस्कृति विकसित की जाए। साथ ही राष्ट्रीय आदर्शों का विवेकसम्मत चयन भी महत्वपूर्ण है। मानसिकता में बदलाव ही इसमें मददगार होगा।




आखिर हममें से कितने लोग डा. माधवी लता को अपना आदर्श मानेंगे, जिनकी बहुचर्चित चिनाब ब्रिज के निर्माण में महती भूमिका रही। नागरिक समाज को मनोरंजन जगत की नामचीन हस्तियों से परे देखना होगा। मनोरंजन जगत के सितारों की आभा ईर्ष्या का विषय कतई नहीं होनी चाहिए, फिर भी यह आवश्यक है कि राष्ट्र जीवन के अन्य क्षेत्रों से भी आदर्श उभरें। ये डाक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, शोधार्थी, उद्यमी, लेखक-विचारक और रक्षा-सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों से भी हो सकते हैं ।रोल माडल की दृष्टि से किसी एक धारा के लोगों का अतिशय महिमामंडन करने के बजाय व्यापकता पर जोर देने वाला बहुरंगी तंत्र कहीं बेहतर होगा। समग्रता से परिपूर्ण दृष्टिकोण समाज में संतुलन सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त, हमें शिक्षा के अपने ढांचे को इस प्रकार समृद्ध करना होगा, जो व्यवस्थित आचरण को प्रोत्साहित करे और नियम-कानूनों के अनुपालन को लेकर प्रतिबद्ध बनाए। लोगों के निजी जीवन की गरिमा का सम्मान करने, सामान्य सार्वजनिक शिष्टाचार प्रदर्शित करने और स्थिति के अनुरूप डाटा केंद्रित या तंत्रीय प्रणाली वाला दृष्टिकोण ही सभ्यतागत विकास का हिस्सा है। यह एक समझदार एवं संवेदनशील समाज का संकेतक है। आर्थिक महाशक्ति बने बिना भी सामान्य शिष्टाचार का परिचय तो दिया ही जा सकता है ।समृद्धि एवं संपन्नता विकसित समाज की अनिवार्य शर्तें अवश्य हैं, लेकिन अपने आप में पर्याप्त नहीं। ये भले ही मूलभूत आवश्यक बिंदु हों, किंतु हमें इनसे परे भी देखना होगा। अस्वाभाविक मौतें और टाली जा सकने वाली जनहानि हमारे गले की फांस सी बन गई है ।एक ओर हम राज्य की निरंतर उपेक्षा से ग्रस्त हैं, वहीं अक्सर स्वयं भी समस्याओं को बढ़ावा देने या आसानी से टाली जा सकने वाली त्रासदियों को आमंत्रण देते रहते हैं। राज्य की लापरवाही हमें कुपित करती है तो खुद अपनी उदासीनता का भाव हमें कुंठा से भर देता है। राज्य जो करेगा, जब करेगा, लेकिन क्या हम अपने ही रवैये के भुक्तभोगी बने रहें? कहते हैं कि समय हर घाव को भर देता है। यह बात अगर उन अभिभावकों से कही जाए, जिन्होंने बेंगलुरु की भगदड़ में अपने बच्चों को खो दिया तो क्या वे शोकाकुल परिवार ऐसी सांत्वना भर से संतुष्ट हो जाएंगे? क्या ऐसी भयानक त्रासदियों का कोई अंत दिखता है? हम अवश्य ही यह उम्मीद और प्रार्थना करें, परंतु यह संकल्प भी लें कि टाली जा सकने वाली जनहानि को अगर पूरी तरह रोक भी न पाएं तो उनका दायरा घटाने में अपना अपेक्षित योगदान दें। मानव जीवन के लिए इससे अधिक गरिमामय कुछ और नहीं होगा।

# भाषाई चिंतन : राष्ट्रभाषा? हिंदी इतनी उपेक्षित क्यों?

संजीव ठाकुर




हिंदी भाषा न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है ₹राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है₹ हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह विडंबना की बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है? अभी दक्षिण भारत मे हिंदी के विरोध अनर्गल प्रलाप जारी होकर उसका खुलकर विरोध किया जा रहा है ।स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया था कि एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा थी। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा ₹हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया₹ यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 65 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है ।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है। एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।

**जय हिंदी जय हिंदुस्तान**
**हिंदी भाषा अमर रहे।**

# नेपाल में फलता फूलता नौजवान लड़कियों की चमड़ी बेचने का कारोबार

(सुभाष आनंद)

अभी-अभी नेपाल भ्रमण के दौरान मुझे कुछ अनोखी चीजें देखने को मिली यहां वक्ष और लिंग का आकार बढ़ाने के लिए अपने चमड़ी बेचने का धंधा बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है। नेपाली औरतों को पैसे के लालच में फंसा कर सैक्स के धंधे में सक्रिय लोग उन्हें लालच देकर चमड़ी खरीदते हैं और बाद में लिंग का आकार बढ़ाने और वक्षों का आकार बड़ा करने के लिए आपरेशनों द्वारा चमड़ी का प्रयोग किया जाता है। विदेशी एजेंट इस धंधे में ज्यादा सक्रिय नजर आते हैं। एक विदेशी वेबसाइट नेपाल बीम स्किन व्यापार में कहा गया है कि नेपाली महिलाएं मात्र 10,000 रुपये के लिए 20 वर्ग इंच चमड़ी ग्लोबल सर्जरी मार्केट में बेच रही हैं, विदेशी एजेंट घरों-घरों में यह ऑफर गरीब महिलाओं को दे रहे है। अतः महिलाएं यह धंधा हर्ष से स्वीकार कर रही हैं। चमड़ी उतारने के बाद ट्रीटमेंट पर जो खर्च आता है वह एजेंट ही देते हैं।

नेपाल में महिलाओं की चमड़ी के धंधे को लेकर नेपाल सरकार स्वयं बड़ी चिंतित है और उन्होंने इस व्यापार को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। कहा जा रहा है कि इस कारोबार में लगे एजेटों को कड़ी सजा दी जाएगी लेकिन अभी तक नेपाल सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई कानून नहीं बनाया है। भारत के बड़े-बड़े शहरों जैसे दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई इत्यादि में जिन महिलाओं के वक्ष छोटे है वह अपने वक्षों का साईज बड़ा करने के लिए इस चमड़ी को वक्षों पर चढ़ाकर बढ़ा बना रही हैं ताकि वह नए लुक में अच्छी और आकर्षक लग सके, वहीं मर्द जिनके लिंग का साईज कम है वह भी आर्टीफिशियल चमड़ी आप्रेशन द्वारा चढ़ाकर लिंग के साईज को लम्बा और मोटा कर रहे हैं इस प्रक्रिया के लिए लोग लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। चमड़ी रोग विशेषज्ञों का कहना है कि एक आप्रेशन की फीस एक लाख से डेढ़ लाख ली जाती है। त्वचा का यह आपरेशन अवैध माना जाता है परंतु बड़े-बड़े हस्पतालों में चोरी-छुपे हो रहे हैं। मीडिया में ऐसी बहुत सी रिपोर्ट आई है कि इस गरीब पर्वतीय देश से महिलाओं को मानव तस्करों के द्वारा दूसरे देशों में मजदूरी करने या यौन शोषण के लिए यहां तक कि गुर्दा प्रत्यारोषण के लिए भी लाया जाता है लेकिन चमड़ी के लिए मानव तस्करी की बात पहली बार सामने आई है। नेपाल की लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर पहले उन्हें बाहर ले जाया जाता है फिर उन्हें वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया जाता है, जब उनके वक्ष बड़े हो जाते हैं तो फिर चमड़ी का सौदा करके बड़े हुए वक्षों को सर्जरी के द्वारा कम कर दिया जाता है और इनकी चमड़ी अन्य महिलाओं के वक्ष में ट्रांसप्लांट कर दी जाती है। कुछ नेपाली महिलाओं ने आरोप लगाया है कि जिन जगहों पर वह जिस्म फरोशी का धंधा करते हैं वहां के दलाल उन्हें नशे की दवाएं देकर उनकी चमड़ी को रातों रात चुरा लेते है ऐसी चुराई चमड़ी को पैथालाजी प्रयोगशालाओं में बड़ी-बड़ी रकमें लेकर बेचा जाता है। जो इसका ट्रांसप्लांट आगे करती है। अब विदेशों में भी यह प्रचलन बढ़ता जा रहा है।

अमेरिका, जर्मनी, डैनमार्क, इटली की कई कम्पनियां प्लास्टिक सर्जरी के लिए इस चमड़ी का प्रयोग करती हैं अमेरिका और जर्मनी की कई कम्पनियां इस चमड़ी से कई प्रकार के महंगे उत्पाद तैयार कर रही है कॉसमैटिक सर्जरी के लिए यह चमड़ी काफी महंगे भावों में बेची जाती है। यह चमड़ी बहुत मुलायम और चमकदार होती है। हमने इस सच्चाई को जानने की कोशिश की तो हमने पाया कि 30-35 वर्ष की कई नौजवान नेपाली महिलाओं ने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवा रखी है। जिसके कारण उनके वक्षों का साइज बहुत छोटा सा रह गया है।

# बीएमसी चुनाव से पहले ही राज ठाकरे मारेंगे पलटी? सीएम फडणवीस से मुलाकात कर मचा दी हलचल

**सीएम देवेंद्र फड़णवीस से मुलाकात कर राज ठाकरे ने महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचा दी है। अब यह सवाल उठने लगे हैं कि राज ठाकरे बीजेपी के साथ जाएंगे या फिर उद्धव ठाकरे के साथ सुलह करेंगे? राजनीति में कुछ भी संभव है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर उलटफेर देखने को मिल रहा है। उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन के अटकलों के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की है। बांद्रा के एक बड़े होटल में दोनों नेता ऐसे समय में साथ नजर आए, जब बीएमसी चुनाव के लिए समीकरण साधे जा रहे हैं। इस मुलाकात के बाद कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। क्या राज ठाकरे अब बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे? इस बीच एकनाथ शिंदे के करीबी शिवसेना मंत्री संजय शिरसाट ने भी एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है।स्टैंड बदल चुके हैं राज ठाकरेमहाराष्ट्र की राजनीति में राज ठाकरे चौंकाने वाले फैसले लेते रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में लोगों को उम्मीद थी कि वह एनडीए के खेमे में जाएंगे, मगर वह अकेले चुनाव लड़े। दो महीने पहले राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे के साथ राजनीतिक सुलह का इशारा किया था। अब उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करके सबको चौंका दिया है। राज ठाकरे पर बार-बार स्टैंड बदलने के आरोप लगते रहे हैं। 2014 में राज ठाकरे ने नरेंद्र मोदी का समर्थन किया था। 2019 में उन्होंने कांग्रेस-ठउढ गठबंधन के लिए प्रचार किया और नरेंद्र मोदी पर हमला किया। 2019 में वह फिर से मोदी समर्थक बन गए। 2013 के बाद से चुनावों में उनकी पार्टी को बड़ी सफलता नहीं मिली।

# 'स्टेटस वाला वीडियो भेजें'! भाई को रोशनी का आखिरी संदेश, अहमदाबाद प्लेन हादसे में सब कुछ खत्म

**रोशनी सोंघरे महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले की रहने वाली थी। हालांकि रोशनी मुंबई के डोंबीवली इलाके में अपने पेरेंट्स और भाई के साथ रहती थी। रोशनी एयर इंडिया के विमान में एयर होस्टेस के तौर पर काम कर रही थीं। गुरुवार को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में उनकी मौत हो गई।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई / रत्नागिरीः हमेशा मुस्कुराने और मिलनसार स्वभाव वाली रोशनी सोंघरे ने गरीबी के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार का सपना पूरा किया। 7 जून को वह अपने माता-पिता के साथ मंडनगढ़ तालुका के बुरी गांव आई थी। 8 जून को उसका पूरा परिवार गांव के देवता के कार्यक्रम में शामिल होने गांव आया था। गांव में उसके रिश्तेदारों के जेहन में उस समय की यादें आज भी ताजा हैं। अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 241 लोग मारे गए थे। इनमें से 12 क्रू मेंबर भी थे। रोशनी सोंघरे उनमें से एक थीं। अपनी यादें बताते हुए उनके चचेरे भाई की आवाज भर्रा गई।

## रोशनी की बात करते रो पड़े भाई

'मैंने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर गांव के कार्यक्रमों के वीडियो डाले थे। 10 जून को उसने मेरा स्टेटस वीडियो देखकर मुझे मैसेज किया था। उसने रविवार की सुबह मुझे मैसेज किया था, जिसमें लिखा था, 'अपने मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रमों के वीडियो मुझे भेजो।' मुझे नहीं पता था कि यह मैसेज उसका आखिरी मैसेज होगा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा।' रोशनी के चचेरे भाई विनायक सोंघरे यह कहते हुए रो पड़े।

## सगी बहन से भी ज्यादा प्यार करती थी रोशनी

विनायक ने बताया कि 'रोशनी मुझे सगी बहन से भी ज्यादा प्यार करती थी। हम साथ खेलते थे। वह मेरे बारे में दिलचस्पी से पूछती थी। यह भी पूछती थी कि तुम गांव कब आए। मुझे दो-तीन दिन की छुट्टी मिली थी, इसलिए मैं मां-बाप के साथ गांव आ गया। उसने अलविदा कहा और कहा, 'फिर मिलेंगे' और यही मेरी आखिरी याद है,'। यह कहते हुए वह भावुक हो गए।

## गांव के देवता की पूजा में आई थी रोशनी

दरअसल रोशनी गांव के देवता के कार्यक्रम में सबके साथ हंसते-खेलते शामिल हुई थी।

रोशनी ने अपनी चचेरी बहन और भाभी के साथ मंदिर में रंगोली भी बनाई थी। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के मौके पर आयोजित नृत्य में भी वह शामिल हुई थी।

यही उसकी आखिरी यादें हैं। सोनघरे परिवार इन सभी यादों को याद करते हुए दुखी था। रोशनी के चाचा, चाची, दादी, दादा, बहन और भाभी सभी उसके बारे में बात करते-करते रुंध गए। रोशनी की असामयिक मौत ने सोनघरे परिवार पर दुखों का पहाड़ गिरा दिया है।

# 'हमारे लिए काला दिन, विमान हादसे पर पारदर्शी होगी बातचीत', टाटा के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कर्मचारियों को लिखी चिट्ठी

**टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि कठिन समय में भी समूह अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटेगा। एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर समूह पारदर्शी रहेगा। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता थी और इससे समझौता नहीं किया गया। मुकेश अंबानी ने पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को कहा कि भले ही यह कठिन समय हो, लेकिन समूह अपनी जिम्मेदारियों और सही कार्य करने से पीछे नहीं हटेगा। एअर इंडिया का स्वामित्व रखने वाला समूह विमान दुर्घटना पर अपनी बातचीत में पारदर्शी रहेगा।इस समय चारों ओर बहुत सारी अटकलें हैं। कुछ सही हो सकती हैं, कुछ गलत भी। मैं धैर्य रखने का आग्रह करना चाहता हूं। यह नियमित उड़ान आपदा में क्यों बदली, इसे समझने में जांचकर्ता हमारी मदद करेंगे। एक बार जब हम तथ्यों की पुष्टि कर लेंगे, तो इसकी जानकारी देने में पारदर्शी होंगे।

## टाटा समूह के चेयरमैन ने कर्मचारियों को भेजा भावुक संदेश

कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक भावुक संदेश में उन्होंने कहा कि जब टाटा संस ने एअर इंडिया का अधिग्रहण किया था, तो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता थी। इससे कोई समझौता नहीं किया गया। यह संदेश एअर इंडिया के लंदन जाने वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद आया है।

## 'टाटा समूह के लिए काला दिन'

उन्होंने कहा कि यह बहुत मुश्किल क्षण है। हम सदमे में हैं। किसी परिचित को खोना त्रासदी है। एक साथ इतनी सारी मौतें होना समझ से परे है। यह टाटा समूह के इतिहास का सबसे काला दिन है। इस समय शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती, लेकिन मेरी संवेदनाएं मारे गए और घायल लोगों के परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आपकी तरह हम भी समझना चाहते हैं कि क्या हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में दुर्घटना की जांच के लिए ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल अहमदाबाद पहुंचे हैं। उन्हें हमारा पूरा सहयोग प्राप्त है।

## पीड़ितों के लिए राहत प्रयासों में पूर्ण सहयोग करेंगे : अंबानी

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को एअर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अंबानी ने कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में हुई जानमाल की भारी क्षति से बेहद दुखी और व्यथित हैं।हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। दुख की इस घड़ी में रिलायंस चल रहे राहत प्रयासों को अपना पूर्ण और अटूट समर्थन देता है और हर संभव तरीके से सहायता करने के लिए तैयार है।

# लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग, तीन घंटे तक हवा में थी फ्लाइट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई से लंदन जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को वापस लौटन पड़ा है और प्लेन को तीन घंटे तक हवा में रहने के बाद मुंबई में लैंडिंग कराई गई है। दरअसल ईरान का एअरस्पेस बंद होने की वजह से विमानों पर असर पड़ा है और इस वजह से कई फ्लाइट्स को डायवर्ट भी किया गया है।डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। लंदन जा रहा एअर इंडिया के एक विमान को तीन घंटे तक हवा में रहने के बाद वापस मुंबई में लैंड कराया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई मे फ्लाइटरडार24 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि यह फ्लाइट मुंबई से लंदन जा रही थी, जिसने सुबह 5.39 बजे उड़ान भरी थी।एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि ईरान में स्थिति और उसके एअरस्पेस बंद होने के कारण कई विमानों का मार्ग या तो परिवर्तित किया जा रहा है या फिर विमानों को वापस मूल स्थान पर लैंड कराया जा रहा है। एअर इंडिया ने बयान जारी कर कहा, ?हमें इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण हमारे यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है और हम इसे कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, जिसमें यात्रियों के लिए आवास उपलब्ध कराना भी शामिल है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।




## क्यों बंद हुआ ईरानी एअरस्पेस?

बता दें, ईरान ने अपना एअरस्पेस सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया है। दरअसल, शुक्रवार सुबह इजरायल ने ईरान पर 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत हमले किए हैं और इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर प्लांट्स को निशाना बनाया है।इस हमले के बाद ईरानी नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने देश के एअरस्पेस को बंद करने की घोषणा की। इजरायल ने भी अपने उत्तरी और दक्षिणी सीमाओं पर हवाई क्षेत्रों को पूरी तरह से बंद करने और आपातकालीन तैयारियों को बढ़ाने की घोषणा की है।

फास्ट ट्रैक

# दिनांक 15.6.2025 को मध्य रेल पर मेगा ब्लॉक




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 15.6.2025 को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, जो इस प्रकार हैः

सीएसएमटी मुंबई-विद्याविहार अप और डाउन धीमी लाइनें 10.55 बजे से 15.55 बजे तक

सीएसएमटी मुंबई से 10.48 बजे से 15.45 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो सेवाओं को सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और भायखला, परेल, दादर, माटुंगा, सायन और कुर्ला स्टेशनों पर रुकेगी और आगे विद्याविहार स्टेशन पर पुनः डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएगी।

घाटकोपर से 10.19 बजे से 15.52 बजे तक छूटने वाली अप स्लो सेवाएं विद्याविहार और सीएसएमटी मुंबई स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और कुर्ला, सायन, माटुंगा, दादर, परेल और भायखला स्टेशनों पर रुकेंगी।

पनवेल-वाशी अप और डाउन हार्बर लाइन 11.05 बजे से 16.05 बजे तक ( पोर्ट लाइन को छोड़कर )

सीएसएमटी मुंबई के लिए पनवेल से 10.33 बजे से 15.49 बजे तक छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं और सीएसएमटी मुंबई से 9.45 बजे से 15.12 बजे तक छूटने वाली पनवेल/बेलापुर के लिए डाउन हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।

11.02 बजे से 15.53 बजे तक पनवेल से ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं और 10.01 बजे से 15.20 बजे तक ठाणे से पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांसहार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी-वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें ।

# दिवा-मुंब्रा घटना के बारे में जानकारी/ज्ञान के लिए मध्य रेल की जनता से अपील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

09.06.2025 को लगभग 09.01 बजे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, फुटबोर्ड पर उपनगरीय ट्रेन से यात्रा कर रहे लगभग 08 लोग दिवा और मुंब्रा स्टेशनों के बीच अपना संतुलन खो बैठे और चलती ट्रेन से गिर गए रेलवे प्रशासन ने इस घटना के कारणों की जांच के लिए वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की एक समिति गठित की है।मध्य रेल जनता और रेलवे कर्मचारियों से अपील करता है कि घटना और उससे जुड़े मामलों के बारे में कोई भी जानकारी/ज्ञान/विवरण रखने वाले लोग जल्द से जल्द जांच समिति के समक्ष उपस्थित होने के लिए स्वेच्छा से आगे आएं या घटना का विवरण 3 कार्य दिवसों के भीतर नीचे दिए गए कार्यालय को भेजें।विवरण पहचान प्रमाण के साथ नीचे दिए गए पते, मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी पर भेजे जाने हैं।

# पश्चिम रेलवे का रविवार, 15 जून, 2025 को सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच जंबो ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रखरखाव कार्य हेतु रविवार, 15 जून, 2025 को सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच तक अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर 10:00 बजे से 15:00 बजे तक पांच घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच स्लो लाइन की सभी ट्रेनों को फास्ट लाइनों पर चलाया जाएगा। परिणामस्वरूप, ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अपर्याप्त लंबाई के कारण विले पार्ले स्टेशन पर नहीं रुकेंगी और फास्ट लाइनों पर प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण राम मंदिर स्टेशन पर भी नहीं रुकेंगी। हालाँकि, हार्बर लाइन पर विले पार्ले और राम मंदिर के लिए सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी।इस ब्लॉक के कारण कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा बोरीवली और अंधेरी की कुछ ट्रेनें हार्बर लाइन पर गोरेगांव तक चलेंगी।इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के कार्यालय में उपलब्ध है।

# विमान हादसे में महाराष्ट्र के 9 लोगों की मौत, दो एयर होस्टेस भी शामिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के रहने वाले 9 लोगों की मौत हो गई. इसमें डोंबिवली की रहने वाली 27 वर्षीय एयर होस्टेस रोशनी सोनघरे भी शामिल हैं. माता-पिता ने विपरीत परिस्थितियों में रोशनी का एयर होस्टेस बनने का सपना पूरा किया था.

# पश्चिमी रेलवे अहमदाबाद से मुंबई, दिल्ली के लिए चलाएगा विशेष ट्रेनें

पश्चिमी रेलवे ने कहा है कि वह विमान हादसे के सिलसिले में लोगों की सुविधा के लिए अहमदाबाद से मुंबई और दिल्ली के लिए दो विशेष सुपरफास्ट ट्रेनों की दो-दो ट्रिप चलाएगा।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत एवं रिकंडीशनिंग**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा **निविदा सूचना क्र.** : ईएल-मेंटे.-81-915-डब्ल्यूए-5, दि. 10.06.2025 आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई मंडल गैर-उपनगरीय अनुभाग (पालघर से सूरत) : 2 वर्षों की अवधि हेतु विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत एवं रिकंडीशनिंग. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,80,12,330/-. **ईएमडी** : रु. 2,40,100/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 09.07.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 09.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0259

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग) मुंबई सेंट्रल 400 008 द्वारा निम्नलिखित निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **अ.क्र. : 1. निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-एमएमसीटी0ईसीओए (ईसीटीडी)/12/2024 ओ/ओ एसआरडीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यूआर (कम्प्यूटर क्र. 528701), दिनांक : 10.06.2025. कार्य का नाम** : तीन वर्षों की अवधि हेतु बीसीटी मंडल में पावर कार्स में प्रदान किए गए मेसर्स कमिन्स मेक डीए सेट्स का शेड्यूल (बी, सी एवं डी चेक्स) तथा अनशेड्यूल्ड अनुरक्षण. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 12,56,67,285.96. **बोली सुरक्षा** : रु. 7,78,300/-. **अ.क्र. : 2. निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-एमएमसीटी0ईसीओए (ईसीटीडी)/26/2024 ओ/ओ एसआरडीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यूआर (कम्प्यूटर क्र. 564871), दिनांक : 10.06.2025. कार्य का नाम** : तीन वर्षों की अवधि हेतु बीसीटी मंडल में पावर कार्स में प्रदान किए गए मेसर्स किर्लोस्कर ऑइल इंजन लि. (केओईएल) मेक डीए सेट का शेड्यूल (बी, सी एवं डी चेक्स) तथा अनशेड्यूल्ड अनुरक्षण. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,22,04,780.36. **बोली सुरक्षा** : रु. 2,11,000/-. **दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि एवं समय** : 07.07.2025, 15.00 बजे तक. **दोनों निविदाएं खुलने की तिथि एवं समय** : 07.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0253

Like us on : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना क्र. 11-2025-SrDENCo.** मध्य रेल कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर दिनांक को बजे तक निम्नलिखित कार्यों के लिये ई निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम** : Solapur division - supply and installation of GFL - 78 nos. **अनुमानित लागत**: ₹ 12,15,69,552/-. **बयाना रक्कम**: ₹ 7,57,900/-. **समापन की अवधी**: 60 (Sixty) Months. **अनुरक्षण की अवधी**: Nil. **ई निविदा फार्म की किमत** : Nil. **वेबसाइट ई निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तारिख और समय: 02.07.2025** up to **15:00 hrs. वेबसाइट ई निविदा खोलने की तारिख और समय: 02.07.2025** after **15:30 hrs. वेबसाइट विवरण www.ireps.gov.in Note:** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे इस निविदा वेबसाइट के लिए जारी किए गए किसी भी बदलाव/शुद्धिपत्र को नोट करने के लिए निविदा बंद होने की तारीख से पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर बार-बार जाएं।

मंडल रेल प्रबंधक/ (कार्य)
म.रे. सोलापुर
Akar/Sur-51

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**मध्य रेल**

**परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण / मुख्यालय मध्य रेलवे, तीसरी मंजिल, नया प्रशासनिक भवन, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई - 400 001 भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वेब-साइट के माध्यम से ऑनलाइन खुली निविदाएं आमंत्रित करता है: **ई - निविदा सूचना संख्या एलसी / सीएसएमटी / सीआरपी/पीएमएस/2025/01/आर, दिनांक 12.06.2025. कार्य का नाम**: मध्य रेलवे के भुसावल, नागपुर, पुणे, सोलापुर डिवीजन में नए 2 x 25 केवी टीएसएस / एसएसपी / एसपी के निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)। **लगभग निविदा लागत**: रु. 23,38,00,969.08 (रुपये तेईस करोड़, अड़तीस लाख, नौ सौ उनहत्तर और आठ पैसे मात्र)। **बयाना राशि जमा (ईएमडी)**: रु.13,19,000/- (तेरह लाख, उन्नीस हजार रुपये मात्र)। **बोली प्रकार**: सामान्य निविदा। **बोली प्रणाली**: दो पैकेट प्रणाली। **बोली शैली**: प्रत्येक अनुसूची के लिए एकल दर। **निविदा पुस्तिका की लागत**: शून्य। **समापन अवधि**: मानसून सहित 36 (छत्तीस) महीने। **ऑफर की वैधता**: निविदा खुलने की तिथि से 120 (एक सौ बीस) दिन। **वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता**: निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज उपरोक्त वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। **बोली- पूर्व सम्मेलन की तिथि और समय**: 27.06.2025 को 12:00 बजे। **निविदा प्रस्तुत करने और खोलने की तिथि और समय**: ई-निविदाएं सभी तरह से विधिवत पूर्ण होकर, अपेक्षित दस्तावेजों के साथ 24.07.2025 को 15:00 बजे तक जमा करानी होंगी। यह निविदा (तकनीकी बोली ) उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएगी। यदि तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदाएं अगले दिन उसी समय खोली जाएंगी, जैसा कि ऊपर बताया गया है। **उपर्युक्त कार्यों के लिए निविदाकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण**: **क)** निविदा केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही होगी। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को पहले IREPS वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा। **ख)** संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपना प्रस्ताव इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने से पहले, नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड आदि के बारे में निविदा विवरण देखें। **ग)** समय-समय पर जारी किए गए निविदा दस्तावेज और शुद्धिपत्र निविदा खुलने से कम से कम 15 दिन पहले इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। **घ)** केवल वित्तीय दर पृष्ठ पर दर्ज की गई और डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दरों पर ही विचार किया जाएगा। **इ)** संलग्न किए जा रहे दस्तावेजों पर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। **AK-174**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

# ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाले जाने पर महिला ने की आत्महत्या, पुलिस ने दर्ज किया केस

**एक चौंकाने वाली घटना में महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक 28 वर्षीय गर्भवती महिला ने ससुराल वालों द्वारा ईसाई धर्म का पालन करने का जोर डालने के कारण आत्महत्या कर ली है। यह घटना पिछले सप्ताह घटित हुई थी। साथ ही कुपवाड़ एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अनुसार मामले में पति और उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई। एक चौंकाने वाली घटना में महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक 28 वर्षीय गर्भवती महिला ने ससुराल वालों द्वारा ईसाई धर्म का पालन करने का जोर डालने के कारण आत्महत्या कर ली है। यह घटना पिछले सप्ताह घटित हुई थी। पति और उसके माता पिता के खिलाफ केस दर्जपीड़िता ऋतुजा राजगे का चार साल से मर्चेंट नेवी में काम कर रहे सुकुमार राजगे से विवाह हुआ था। कथित तौर पर ऋतुजा ने छह जून को कुपवाड़ शहर में फांसी लगा ली। कुपवाड़ एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अनुसार, मामले में पति और उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता के पिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि ऋतुजा को उसके ससुराल वालों द्वारा बार-बार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था, जो घर बनाने के लिए अपने माता-पिता से पैसे लाने की मांग करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि ससुराल वाले ( हिंदू ) धनगर समुदाय से हैं, लेकिन वे जाहिर तौर पर ईसाई धर्म का पालन करते थे और ऋतुजा को अपने साथ चर्च जाने, बाइबिल पढ़ने और प्रार्थना करने के लिए मजबूर करते थे।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (क) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में परिमंडल – V में एम/डब्ल्यू वार्ड से 01 प्रस्ताव, अर्थात कुल मिलाकर 01 प्रस्ताव, उक्त अधिनियम की धारा 8 की उप–धारा (6) अंतर्गत म.न.पा. आयुक्त, अध्यक्ष वृक्ष प्राधिकरण समिति, बीएमसी की मंजूरी प्राप्त हुई है.

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी बी.एम.सी. की वेबसाइट – https://portal.mcgm.gov.in/ – About us Ward / Department Manuals / Gardens & Tree Authority – 30 (M–W) पर उपलब्ध है.

**उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी**

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,
2री मंजिल, हम्बोल्ट पेंग्विन बिल्डिंग, वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणिसंग्रहालय,
संत सावता माली मार्ग, भायखला (पूर्व), मुंबई–400 027
दूरभाष क्र. 23742162
**ईमेल – sg.gardens@mcgm.gov.in**

हस्ता./-
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

पीआरओ/672/विज्ञा./2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/80/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित /डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा की जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा की मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 10251742 | सुनब्बर अरेंजमेंट | 480 नंबर |
| 2 | 40252660 | इलेक्टॉनिक रेक्टिफिएर कम रेगुलेटर यूनिट | 50 नंबर |
| 3 | 61242429B | फ्लेक्सिबल पाली विनाइल क्लोराइड (PVC) फ्लोरिंग शीट | 2015 नंबर |
| 4 | 81255084A | मैन्युफैक्चरिंग & सप्लाई ऑफ थिक वेब स्विच एक्सपेंशन जॉइंट | 834 सेट |
| 5 | 38251560 | पॉलीमर पैकिंग वॉशर | 20322 नंबर |
| 6 | 38252630 | ब्रेक सिलिंडर 11" विथ डबल एक्टिंग ऑटोमैटिक स्लैक एडजस्टर | 208 नंबर |
| 7 | 10252610 | एक्विलिसेर बीम लॉन्ग | 130 नंबर |
| 8 | 38251596 | रोटरी बॉटम | 18493 नंबर |
| 9 | 38253401 | कास्ट स्टील साइड फ्रेम विथ लाइनर | 37 नंबर |

उपरोक्त निविदाओं में क्र. सं. 1 की नियत तिथि – 01.07.2025, क्र. सं. 2 की नियत तिथि – 03.07.2025, क्र. सं. 3 एवं 4 की नियत तिथि – 07.07.2025, क्र. सं. 5 से 7 की नियत तिथि – 10.07.2025, निविदा सं. 8 की नियत तिथि – 17.07.2025, निविदा सं. 9 की नियत तिथि – 24.07.2025, 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## मनपा क्षेत्र में 16 जून से 31 जुलाई तक दस्त रोको अभियान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा क्षेत्र में 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्त रोको अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत आशा कार्यकताओं के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के दस्त से प्रभावित बच्चों को ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित की जाएंगी। साथ ही आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों से ओआरएस मिश्रण तैयार करने और हाथ धोने का प्रदर्शन भी किया जाएगा। साथ ही संस्थागत स्तर पर ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे, निर्जलीकरण से प्रभावित रोगियों का इलाज किया जाएगा और दस्त के कोई भी लक्षण पाए जाने पर, ठाण मनपा ने नागरिकों से ठाणे मनपा के निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की है। व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता की कमी से दस्त पैदा करने वाले कीटाणु और दस्त फैलते हैं। खुले में शौच करना, खुले में खाना खाना, दैनिक जीवन में गंदे पानी का उपयोग करना, खाने से पहले और बाद में साफ पानी और साबुन से हाथ न धोना जैसी आदतें दस्त के प्रकोप का कारण हैं। दस्त के उपचार के लिए, ओआरएस घोल तैयार करके बच्चे को देने से शरीर में निर्जलीकरण की मात्रा कम होती है, और लवण की कमी भी पूरी होती है, 15 दिनों तक जिंक की गोलियां देने से दस्त की आवृत्ति कम होती है और दस्त जल्दी ठीक होता है, अगर बच्चे को दस्त या दस्त होने पर माँ स्तनपान करा रही है, तो स्तनपान जारी रखना चाहिए, बच्चे को हल्का भोजन देना चाहिए, सफाई रखनी चाहिए, और बच्चों और खुद के हाथों को बार-बार साबुन से धोना चाहिए, ऐसी अपील ठाणे मनपा ने की है ।डायरिया से बचाव के लिए व्यक्तिगत और पर्यावरण स्वच्छता बहुत जरूरी है और इसके लिए खुले में शौच से बचना चाहिए, पानी को उबालकर और छानकर या क्लोरीन का इस्तेमाल करके कीटाणुरहित करना चाहिए। आसपास के क्षेत्र को साफ रखना चाहिए। ठाणे मनपा स्वास्थ्य विभाग ने भी डायरिया के लक्षण पाए जाने पर नजदीकी ठाणे मनपा स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की है।

## ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना के प्रथम चरण के लिए 1400 करोड़ रुपए की निविदा स्वीकृति अंतिम चरण में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणेकरों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने और उनका समय बचाने के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयासों से केंद्र और राज्य सरकार नै ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो (सर्कुलर मेट्रो) के कार्य को मंजूरी दी है। मेट्रो परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हस्के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मेट्रो परियोजना के काम को गति देने के लिए उन्होंने आज मेट्रो परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि बैठक में ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना को वर्ष 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ठाणे के बढ़ते विस्तार को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे के लोगों को यातायात की भीड़ से राहत दिलाने के लिए ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो के काम की आधारशिला रखी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तुरंत इस परियोजना को मंजूरी दी और पर्याप्त धनराशि मंजूर की। हाल ही में दिल्ली में आयोजित शहरी विकास और आवास संबंधी स्थायी समिति की बैठक में नरेश म्हस्के ने काम में तेजी लाने का मुद्दा उठाया था। आज सांसद नरेश म्हस्के ने ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना के परियोजना निदेशक राजीव त्यागी, मुख्य परियोजना अधिकारी सुनील कुमार गर्ग, प्रबंधक प्रवीण पपोलकर के साथ काम की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक कर परियोजना पर विस्तार से चर्चा की। विभिन्न सुझाव भी दिए गए और कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 12,200 करोड़ रुपये की मंजूरी वाली यह इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना 29 किमी लंबी है। ओवरग्राउंड और 3 किमी. अंडरग्राउंड (भूमिगत) यह रेलवे चलेगी। इसके ट्रैक को अंतिम रूप दे दिया गया है। कुल 22 स्टेशन एलिवेटेड होंगे और 2 स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे। भूमिगत स्टेशन पुराने ठाणे रेलवे स्टेशन और नए ठाणे रेलवे स्टेशन को जोड़ेंगे। भूमिगत रेलवे परियोजना के बारे में नागरिकों के बीच कुछ गलतफहमियां थीं। आज की बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि भूमिगत रेलवे किसी भी इमारत या निर्माण को कोई बाधा या समस्या नहीं पहुंचाएगी। पहले चरण में रायलादेवी से बालकुम नाका तक 20 किमी लंबे काम के लिए 1400 करोड़ रुपये की निविदा मंजूरी के अंतिम चरण में पहुंच गई है, ऐसा सांसद नरेश म्हस्के ने बताया है ।ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना में वागले एस्टेट, रोड नंबर 22, लोकमान्य नगर, पोखरण रोड नंबर 1, पोखरण रोड नंबर 2, ग्लेडिस अल्वारिस रोड, हीरानंदानी मीडोज, हीरानंदानी एस्टेट, कोलशेत, बालकुम, राबोडी, ठाणे कॉलेज रोड, ठाणे स्टेशन शामिल हैं। सीआरजेड की समस्याओं के कारण बालकुम नाका से रायलदेवी मार्ग के लिए टेंडर 3 महीने बाद जारी होगा। वडवली, कावेसर मैं ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना के डिपो का सर्वेक्षण चल रहा है। लोगों की कुछ शिकायतें हैं और उन्हें दूर करने के बाद, डिपो निर्माण कार्य के लिए टेंडर अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नै ठाणे इंटरनल रिंग रेलवे मेट्रो के स्टेशनों को आधुनिक और आयनिक बनाने के निर्देश दिए हैं। दिसंबर 2029 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

फास्ट ट्रैक

## रेलवे स्टेशन पर मिला महिला का शव

### भाई के साथ बिहार से शाहजहांपुर आई, बेटे के पहुंचने पर नहीं मिलीं



शाहजहांपुर, रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर एक महिला का शव मिला। शव की पहचान तिलहर के सरोवरनगर की 60 वर्षीय सुदामा के रूप में हुई। सुदामा 25 मई को बिहार स्थित मायके गई थीं। वापसी यात्रा के दौरान उन्होंने बेटे रोहित को फोन कर तबीयत खराब होने की सूचना दी थी। सुदामा को लेकर उनका भाई बिहार से शाहजहांपुर स्टेशन तक आया और फिर लौट गया। बेटा रोहित जब मां को लेने स्टेशन पहुंचा तो वह नहीं मिलीं। परिवार ने तलाश शुरू की। गुरुवार शाम को प्लेटफॉर्म पर एक बुजुर्ग महिला का शव मिला। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिजन जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोग जीआरपी थाने पहुंचे। जीआरपी ने दिखाई गई तस्वीरों से परिजनों ने शव की पहचान सुदामा के रूप में की। परिजन अब पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए हैं।

## मीठ विक्रेता ने युवक पर छुरी से किया हमला

### कलान में डंडों से पीटकर किया घायल, पीड़ित ने की शिकायत



शाहजहांपुर, कलान थाना क्षेत्र में एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। ग्राम नौगवां मुबारिकपुर के छोटू कठेरिया को मीठ विक्रेता ने छुरी और लाठी-डंडों से घायल कर दिया। घटना स्थानीय बाजार की है। छोटू सुरेश के खोखे पर बैठा था। पास में नगर पंचायत कलान के मोहल्ला उल्फतनगर के लोगों के मीठ के खोखे स्थित हैं। सुरेश और मीठ विक्रेता के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। छोटू ने विवाद को शांत करने का प्रयास किया। इस पर मीठ विक्रेता भड़क गया। उसने छोटू पर छुरी से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, उसने लाठी-डंडों से भी छोटू की पिटाई की। हमले में छोटू घायल हो गया। पीड़ित छोटू ने थाना प्रभारी निरीक्षक कलान को शिकायती पत्र सौंपा है। उसने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाने की मुहिम

### मिर्जापुर में चला जन जागरुकता अभियान, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की अपील

मिर्जापुर, बाल श्रम उन्मूलन के लिए व्यापक जन जागरुकता अभियान चलाया गया। श्रम परिवर्तन अधिकारी आलोक रंजन के नेतृत्व में टीम ने नगर के प्रमुख बाजारों में दौरा किया। तेलियागंज, डंकीनगंज, बेलतर, वासलीगंज, घंटाघर और पक्की सराय बाजार में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों से बाल श्रम रोकने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य है। श्रम परिवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल श्रम से मुक्त हुए बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास की व्यवस्था की गई है। इन बच्चों के माता-पिता को 4000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है।

## डॉ.योगा नाम्बियार महाराष्ट्र ट्रांसजेंडर अधिकार एवं कल्याण बोर्ड की बैठक में शामिल हुईं

### महाराष्ट्र शासन में सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट की अध्यक्षता में 11 जून को पहली बैठक का आयोजन हुआ।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. महाराष्ट्र सरकार ने सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट की अध्यक्षता में महाराष्ट्र ट्रांसजेंडर अधिकार एवं कल्याण बोर्ड की ऐतिहासिक प्रथम बैठक बुधवार 11 जून को मंत्रालय में आयोजित की गई। 01 अप्रैल को पुनर्गठित इस बोर्ड का प्रमुख उद्देश्य ट्रांसजेंडरों को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं और उनसे संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान करना है। ग्लोबल राइट्स फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. योगा नाम्बियार ने इस बैठक में उपस्थित दर्ज की। इस बैठक में ट्रांसजेंडर नीति 2024 पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस बैठक में ट्रांसजेंडरों के उत्थान और विकास के लिए एक स्वतंत्र कार्यालय का स्थान आवंटित करने, उनके विकास के लिए वार्षिक बजट, जिला-स्तरीय कल्याण निधि और आवास, शिक्षा, नौकरी और स्वास्थ्य सेवा तक बेहतर पहुंच की मांग उठाई गई। मंत्री शिरसाट ने आगामी 15 दिनों के भीतर विभिन्न मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटा

### रायबरेली में राजस्व और पुलिस की टीम ने की कार्रवाई, पिलर हटवाए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, रायबरेली में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटा दिया गया है। बरसँवा मजरे कंदरांवा गाँव में नवीन परती की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली थी। गाँव निवासी रामअधार पांडेय ने समाधान दिवस में शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि गाँव के ही मनोज कुमार ने गाटा संख्या 4033, 4031 और 4025 पर पुलिस की मिलीभगत से पिलर गाड़ दिए हैं। राजस्व विभाग ने जांच में मामले को सही पाया। विभाग ने अवैध कब्जेदार को नोटिस देकर कब्जा हटाने को कहा। लेकिन नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। एसडीएम राजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर कार्रवाई की गई। राजस्व निरीक्षक रत्नाकर शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ट्रैक्टर से पिलर हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया।

## ग्रामीणों की समस्याएं अधिकारियों ने सुनी



- देहली व नारायणपुर में ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, शिवगढ़ विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत देहली और नारायणपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, राशन कार्ड और पीएम किसान योजना से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को संबंधित विभागों को अग्रेषित किया, साथ ही उन्होंने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। नारायणपुर में आयोजित चौपाल में ग्राम पंचायत अधिकारी अंजली वर्मा और ग्राम प्रधान अमृत लाल समेत कई ग्रामवासी मौजूद रहे। वहीं देहली में ग्राम प्रधान निर्मला देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी तरुण सिंह, ग्राम रोजगार सेवक सुधांशू श्रीवास्तव और प्रधान प्रतिनिधि राकेश यादव व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से मौत

- छत पर टहल रहे युवक की जान गई, अचानक बदला मौसम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना खुदागंज क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। भर्री बसंतपुर निवासी 30 वर्षीय शिवम की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब शिवम अपने मकान की दूसरी मंजिल पर टहल रहे थे। अचानक मौसम खराब हुआ और आकाशीय बिजली सीधे उनके मकान पर गिर गई। शिवम बिजली की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। शिवम खेतीबाड़ी करके अपनी पत्नी विमला देवी और तीन बच्चों का पालन-पोषण करते थे। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य मकान की निचली मंजिल पर थे। आसपास की छतों पर मौजूद लोगों ने घटना देखी और परिवार को सूचित किया। परिजन तुरंत शिवम को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खुदागंज थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अवैध हथियार के साथ दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

### जलालाबाद में तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी पकड़ाया, न्यायालय भेजा जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, जलालाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वीरपाल के रूप में हुई है। वह खाड़े दियूरिया गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के अनुसार, आरोपी गांव में हथियार लेकर घूमता था। इससे लोगों में डर का माहौल बना रहता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाही के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपी के पिता का नाम भीखम है।

## छानबे ब्लॉक में सोशल ऑडिट बैठक में विवाद

- ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों ने ऑडिट टीम पर लगाया कमीशन मांगने का आरोप, बीडीओ ने संभाली स्थिति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, छानबे ब्लॉक सभागार में सोशल ऑडिट बैठक के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। खंड विकास अधिकारी रामपाल और मनरेगा सोशल ऑडिट जिला समन्वयक बबिता सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में ग्राम प्रधानों और ऑडिट टीम के बीच तीखी बहस हुई। सोशल ऑडिट टीम ने सात ग्राम पंचायतों- बरहाखुर्द, भटेवरा, चडैचा, खैरा, बसेवरा, बघरा तिवारी और बौडई में निरीक्षण के दौरान आपत्तियां दर्ज की थीं। संबंधित ग्राम प्रधानों, सचिवों और रोजगार सेवकों ने इन आपत्तियों को खारिज कर दिया। उन्होंने ऑडिट टीम पर कमीशन मांगने का आरोप लगाया। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने टीम प्रभारी पर अमर्यादित व्यवहार का आरोप लगाया। गुलाम रसूल, विनोद कुमार यादव और अनिल कुमार बिंद सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भी विरोध जताया। खंड विकास अधिकारी रामपाल और प्रभारी एडीओ पंचायत बृजेश सिंह के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।

सभी सात आपत्तियों का निस्तारण किया गया। बीडीओ ने बताया कि अधिकतर आपत्तियां पौधरोपण से संबंधित थीं, जिनमें पेड़ों के सूखने की शिकायत थी। अन्य आपत्तियों के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए हैं।

## इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की पोस्ट से मचा हड़कंप

### शाहजहांपुर में युवक ने कहा- गलती से हुआ, कोई परेशानी नहीं; पुलिस ने दोबारा पोस्ट न करने की दी हिदायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, रोजा थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से संबंधित पोस्ट शेयर करने से हड़कंप मच गया। पोस्ट वायरल होने पर अलर्ट हेड ऑफिस भेजा गया। सर्विलांस टीम ने तुरंत रोजा थाना पुलिस को युवक की लोकेशन और मोबाइल नंबर की जानकारी दी। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से लोकेशन ट्रेस कर पुलिस युवक के घर पहुंची। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने गलती से यह पोस्ट कर दी थी। उसने स्पष्ट किया कि उसके जीवन में कोई परेशानी नहीं है। पुलिस की मौजूदगी में युवक ने माफी मांगते हुए पोस्ट को तुरंत डिलीट कर दिया। युवक ने भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का वादा किया। पुलिस ने उसे आवश्यक हिदायत दी और सुनिश्चित किया कि वह मानसिक रूप से स्वस्थ है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि युवक पूरी तरह स्वस्थ है।

## शराब ठेके के सेल्समैन ने ग्राहक को पीटा

### ओवर रेट की शिकायत करने पर मारा, एसपी से की शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद में बारह पत्थर चौराहे स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर एक ग्राहक से मारपीट का मामला सामने आया है। काशीराम कॉलोनी के मुकेश कुमार ने एसपी को शिकायती पत्र भेजा है। मुकेश कुमार ने शराब की दुकान पर 350 रुपए देकर 8 पीएम ब्लैक का हाफ मांगा। सेल्समैन ने 240 रुपए कीमत वाला 8 पीएम सादा दे दिया। मुकेश ने बचे पैसे वापस मांगे तो सेल्समैन ने मना कर दिया। जब मुकेश ने ओवर रेट की शिकायत की तो सेल्समैन ने उन्हें गालियां दी और मारपीट की। सेल्समैन ने डायल 112 को बुला लिया। आरोप है कि पुलिस ने भी युवक के साथ मारपीट की। मुकेश ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलालाबाद में शराब के ठेकों पर नियमित रूप से ओवर रेट पर बिक्री की जाती है। इस मामले में कई बार आबकारी विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

## खजुरी नदी के जीर्णोद्धार का निरीक्षण



- डीएम ने दिए नदी की चौड़ाई तक सफाई के निर्देश, 16 ग्राम पंचायतों से होकर बहती है नदी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, डीएम प्रियंका निरंजन ने सिटी विकास खंड में खजुरी नदी के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने महेवा पंचायत के मुख्य सड़क स्थित नदी पुल के पास चल रहे कार्य का जायजा लिया। नदी तलहटी से सटी दीवार का निर्माण भी देखा। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को लेखपाल से नदी की चौड़ाई मापने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अगर दीवार नदी सीमा में आती है तो उसे हटाया जाए। वीरशाहपुर हनुमान मंदिर के पास खजुरी नदी पर चल रहे सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नदी की तलहटी की सफाई के साथ जमी सिल्ट और झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि खजुरी नदी लोअर खजुरी से निकलकर 16 ग्राम पंचायतों से होकर बहती है। यह 19 किलोमीटर की दूरी तय कर गंगा नदी में मिल जाती है। नदी की चौड़ाई 30 से 60 मीटर है। वर्तमान में 14 ग्राम पंचायतों में जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। इस नदी के जीर्णोद्धार और सफाई से आसपास के गांवों का भूजल स्तर बढ़ेगा।


भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# कनाडा मंदिर अध्यक्ष प्रॉपर्टी फायरिंग केस

## लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी, लिखा-बाप-बेटे ने लोगों को नाजायज तंग किया, ये ट्रेलर था, पिक्चर अभी बाकी

एजेंसी

जालंधर, कनाडा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष और कारोबारी सतीश कुमार की प्रॉपर्टी पर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ली है। खास बात ये है कि इस बार जिम्मेदारी लेते हुए गोल्डी बराड़ और गोदारा का नाम नहीं आया, जबकि नए गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और अर्जू बिश्नोई उनके गिरोह से जुड़े हुए नजर आ रहे हैं। गैंग ने दावा किया कि यह हमला गोल्डी ढिल्लों द्वारा करवाए जाने का दावा किया गया था। घटना से पहले सतीश कुमार से लगभग 20 लाख डॉलर की फिरौती मांगी गई थी, लेकिन उनके इनकार पर 48 घंटे के भीतर उनके दो स्थानों पर गोलियों चलाई गईं। सरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के नाम से एक पेज से पोस्ट की गई, जिसमें लॉरेंस गैंग के नाम से जिम्मेदारी ली गई। जिसमें कहा गया कि सत श्री अकाल, राम राम सारे भाइयों को लॉरेंस




बिश्नोई गैंग की ओर से। कनाडा के ओहब सहित दो जगह पर जो फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी मैं गोल्डी ढिल्लों (लॉरेंस बिश्नोई गैंग) लेता है। हमने आज तक किसी को नाजायज तंग नहीं किया और ना ही आगे करेंगे। हमारी किसी भी धर्म और जाती के साथ दुश्मनी नहीं है। हमारी दुश्मनी सिर्फ सतीश जैसे लोगों के साथ है। पोस्ट में लिखा गया कि इसके जैसे लोगों ने काले कामों में पैसा कमाकर सफेद कॉलर बनकर बैठे हैं। सतीश और उसके बेटे अमन ने अपनी पोस्ट का गलत इस्तेमाल करके लोगों को आपस में लड़वाया और लोगों को बांटने का काम किया। जिसके बाद अब ये लोग लोगों को जोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने लोगों में हेट फैलाकर पॉलिटिकल स्टंट किया। ऐसे झूठे व्यक्ति को हम छोड़ेंगे नहीं। आगे कहा लिखा गया कि मंदिर और गुरु घरों से भी पैसे कमाए गए। लोगों के सामने दोनों अपनी इमेज सुधार सकते हैं, मगर हमारे सामने नहीं। ये आखिरी वॉर्निंग है, सुधर जाओ, वरना अंजाम बुरा होगा। साथ ही गैंग ने सतीश के साथ कारोबार न करने की नसीहत दी। अगर कोई इनकी प्रॉपर्टी पर जा रहा था, तो सोच समझ कर जाए, कहीं कोई अपना नुकसान न करवा ले। ये सिर्फ ट्रेलर था, असली मूवी अभी बाकी है। हम नहीं चाहते कि दोनों की वजह से किसी बेकसूर की जान चली जाए। आखिरी में लिखा- जय श्री राम। लॉरेंस गैंग, अंकित भादू शेरावाला, जतिंदर गोगी मान ग्रुप, हाशिम बाबा, काला राणा और अर्जु बिश्नोई। संपत्ति के मालिक व लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा- ये वारदात बीती 7 जून को सुबह करीब ढ़ाई बजे हुई। इससे पहले दो साल पहले दिसंबर माह में भी सतीश कुमार के बेटे के घर पर फायरिंग हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने करीब 14 गोलियां चलाई थी। बता दें कि लक्ष्मी नारायण मंदिर कनाडा में हिंदुओं के लिए काफी मान्यता वाला मंदिर माना गया है। ऐसा चौथी बार हुआ है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के किसी पदाधिकारी को बदमाशों द्वारा टारगेट किया गया हो। अब सरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रम्प बोले- ईरान ने परमाणु डील नहीं की, इसलिए हमला

## इजराइल ने 200 फाइटर जेट से ईरान के 6 न्यूक्लियर-मिलिट्री साइट्स तबाह कीं

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव, इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान पर एयर स्ट्राइक की जिसमें 20 टॉप कमांडर मारे गए हैं। इनमें आर्मी और एयरफोर्स चीफ भी शामिल हैं। इजराइल ने सुबह 200 फाइटर जेट्स से 6 ठिकानों पर हमला किया था। इसमें कई परमाणु ठिकाने और मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके बाद ईरान ने दोपहर में इजराइल पर जवाबी हमला किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार



गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान परमाणु समझौता कर ले वरना और बड़ा हमला झेलना होगा। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने परमाणु डील नहीं की इसलिए उस पर हमला हुआ। उन्होंने कहा कि सबकुछ खत्म होने से पहले ईरान को यह डील कर लेनी चाहिए। इससे पहले आज सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है। अल-जजीरा के मुताबिक हमले में ईरान के दो प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फरदून अब्बासी भी मारे गए हैं। इजराइल ने यह दावा किया है कि हमले में ईरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी, सेना के अन्य बड़े अधिकारी और कुछ वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। इस बीच, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजराइल को सजा दिए बिना नहीं जाने देगी।

# एआई171 दुर्घटना की जांच के लिए दल भेजा गया

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर



**हवाई दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) ने कहा कि उसने भारत में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को अपनी सहायता की औपचारिक रूप से पेशकश की है। स्टॉर्मर ने कहा, जांच जारी है, हमने एक जांच दल भेजा है; उसे तैनात कर दिया गया है।**

एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को कहा कि लंदन आ रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या 171 के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद हादसे की जांच के तहत ब्रिटेन का एक दल भारत भेजा गया है। इससे कुछ देर पहले असैन्य विमान दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं की जांच करने वाली एक ब्रिटिश एजेंसी ने कहा कि वह दुर्घटना की भारतीय नेतृत्व वाली जांच में सहयोग के लिए एक बहु-विषयक जांच दल भारत में तैनात करेगी। हवाई दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) ने कहा कि उसने भारत में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को अपनी सहायता की औपचारिक रूप से पेशकश की है। स्टॉर्मर ने कहा, जांच जारी है, हमने एक जांच दल भेजा है; उसे तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के विदेश मंत्री (डेविड लैमी) इस पर काम कर रहे हैं और हम जल्द से जल्द ताजा जानकारी देंगे। हम तथ्यों का पता लगाने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं। मैं सभी प्रभावित लोगों के परिजनों, दोस्तों से कहूंगा कि कृपया आगे की जानकारी के लिए विदेश कार्यालय से संपर्क करें।

# एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

## बम होने की सूचना, फुकेट से दिल्ली आ रहा था; 156 यात्री सवार थे

एजेंसी

बैंकॉक, थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फ्लाइट ट्रैकर 'फ्लाइट्रेडर24' के हवाले से बताया कि एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय




समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशन थाईलैंड ने बताया कि बम की धमकी मिलते ही फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान (एसीपी) एक्टिवेट कर दिया। एयरपोर्ट अफसरों ने कहा कि धमकी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। ज्यादा जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा। एअर इंडिया का विमान 12 जून को अहमदाबाद में क्रैश हुआ था। इसमें अब तक 265 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें से 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस मेडिकल हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हालांकि, अभी यह क्लियर नहीं हुआ है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। 4 एमबीबीएस छात्र और एक डॉक्टर की पत्नी के मारे जाने की खबर आ रही है। एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर फ्लाइट एआई-171 ने गुरुवार दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। दो मिनट बाद ही फ्लाइट क्रैश हो गई। इनमें 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे।

### मां को टिफिन देने जा रहा था...तभी अचानक धमाका हुआ और..प्लेन क्रैश के बाद तबाही का खौफनाक मंजर

अहमदाबादः गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के भयानक प्लेन क्रैश ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है. इस हादसे की खबर सुनकर हर कोई सहम गया है.जिस इलाके में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां भी कुछ लोगों की जान चली गई. दुर्घटनास्थल पर चाय की केतली चला रहे परिवार का 15 वर्षीय बेटा आकाश भी इस हादसे का शिकार हो गया. अब तक मिली जानकारी के अनुसार आकाश की मौत हो गई हैमां को टिफिन देने गया थाआकाश के परिजनों ने बताया कि, आकाश चाय की केतली पर काम कर रहा था और टिफिन लेकर गया था. भोजन करने के लिए आते समय आकाश चारपाई पर बैठ गया. उसी दौरान अचानक आसमान से आफत बनकर एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. आग की लपटें उठता देख आकाश की मां उसे बचाने भाग कर पहुंची, लेकिन वह भी झुलस गई. मां अपने बच्चे को नहीं बचा पाई. आकाश की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं मां फिलहाल आईसीयू में है.

# बोइंग का ड्रीमलाइनर विश्व का सबसे सुरक्षित विमान था, इसके गिरने से पूरी दुनिया सवाल पूछ रही है




**विमानों का विश्लेषण करने वाली कंपनी सिरियम के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 विमान- वीटी-एएनबी- 11.5 वर्ष पुराना था और 41,000 घंटों से अधिक उड़ान भर चुका था। कंपनी ने कहा कि दुनिया भर में बोइंग 787 के 1,148 विमान सेवा में हैं, जिनकी औसत आयु 7.5 वर्ष है।**

एजेंसी

गुरुवार को अहमदाबाद में एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 241 लोगों की जान चली गई। यह विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि यह पहली बार है कि सबसे अधिक बिकने वाले बड़े आकार के ड्रीमलाइनर (बोइंग 787) के दुर्घटनाग्रस्त होने से लोगों की जान गई और खुद विमान का ढांचा भी नष्ट हो गया। हम आपको बता दें कि लंबी दूरी की उड़ानों के लिए उपयोगी माने जाने वाले बोइंग के ड्रीमलाइनर विमानों ने 14 वर्ष पहले उड़ान भरी थी और फिलहाल 1,100 से अधिक ऐसे विमानों का संचालन किया जा रहा है। विमानों का विश्लेषण करने वाली कंपनी सिरियम के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 विमान- वीटी-एएनबी- 11.5 वर्ष पुराना था और 41,000 घंटों से अधिक उड़ान भर चुका था। कंपनी ने कहा कि दुनिया भर में बोइंग 787 के 1,148 विमान सेवा में हैं, जिनकी औसत आयु 7.5 वर्ष है। सिरियम ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त विमान ने 14 दिसंबर 2013 को अपनी पहली उड़ान भरी थी। यह विमान 28 जनवरी 2014 को एयर इंडिया को सौंपा गया था और यह 11.5 वर्ष पुराना था। सिरियम ने कहा, ₹विमान में 18 बिजनेस क्लास सीट और 238 इकॉनोमी क्लास सीट थीं। यह 41,000 घंटों से अधिक समय उड़ान भर चुका था और लगभग 8,000 बार उड़ान भरी व लैंडिंग की थी। पिछले 12 महीनों में विमान ने 700 बार उड़ान भरी थी। इस विमान के निर्माण वर्ष और आयु के हिसाब से इतनी उड़ान औसत हैं ‖सीरियम के अनुसार, अपने बेड़े और विदेशी नेटवर्क का विस्तार कर रही एअर इंडिया ने 20 अतिरिक्त बी787 विमानों का ऑर्डर दिया है तथा 24 अतिरिक्त विमानों को बदलने के लिए आशय पत्र भी भेजा है। इसके अलावा, हाल ही में इंडिगो ने नॉर्वे की एअरलाइन नॉर्स अटलांटिक से लीज पर लिए गए बी787 का परिचालन शुरू किया है। इंडिगो लंबी दूरी के परिचालन के लिए ऐसे कुल छह विमान पट्टे पर लेने वाली है। हम आपको बता दें कि फिलहाल एअर इंडिया और इंडिगो दो भारतीय एयरलाइंस हैं

# प्लेन क्रैश की जांच अब एटीएस और एनआईए के हवाले

### सुप्रिया श्रीनेत का पीएम मोदी पर निशाना

**कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, इस देश का दुर्भाग्य है, मौत के मंजर में भी फोटो शूट जारी है।**

## खरगे बोले- 'गलती स्वीकार कर जांच करे सरकार'



एजेंसी

अहमदाबाद। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद एयर इंडिया की फ्लाइट अक-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस भयावह हादसे में अब तक 297 लोगों की मौत हो चुकी है। इस विमान में सवार 242 में से 241 यात्री और मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में मौजूद 56 लोग शामिल हैं। टेक-ऑफ के बाद विमान बी.जे. मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराकर नीचे गिर गया, जिसके बाद उसमें जोरदार विस्फोट हुआ। एनआईएकी टीम ने विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टीम के साथ अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी भी थे।

### मल्लिकार्जुन खरगे बोले- 'गलती स्वीकार कर जांच करे सरकार'

विमान हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ₹इस घटना की तत्परता से जांच होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट (रउ) के रिटायर्ड या सिटिंग जज, जो भी उचित हों, उनके नेतृत्व में जांच कराई जानी चाहिए। किसकी गलती है, यह सामने आएगा। इसमें क्या पायलट की गलती है? या फिर क्या इसमें किसी इंस्ट्रक्टर की गलती है? इसके साथ ही यह भी पता चलेगा क्या दबाव में आकर विमान लेके चले? सरकार को गलती स्वीकार करके इसकी जांच करनी चाहिए।

### ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में एस जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

# मद्रासी कैंप तोड़ने से विस्थापित तमिल परिवारों के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने दिल्ली सीएम को लिखा पत्र

**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर कहा कि मद्रासी कैंप के ध्वस्त होने से 370 तमिल परिवार बेघर हो गए हैं.**



एजेंसी

नई दिल्लीः दिल्ली के जंगपुरा ईलाके में स्थित मद्रासी कैम्प में जिस तरह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई, वहां से बेघर हुए लोगों को आश्रय उपलब्ध कराने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि एक जून को जंगपुरा के मद्रासी कैंप के ध्वस्त होने से 370 तमिल मूल के परिवार, जो दशकों से दिल्ली की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, बेघर और बेसहारा हो गए हैं.हाईकोर्ट ने दिया था आवश्यक सेवाएं पूरी करने का निदेर्शः उन्होंने पत्र में लिखा है कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशानुसार, एक संयुक्त सर्वेक्षण ने 189 परिवारों को एहर फ्लैटों के लिए पात्र माना है. हाईकोर्ट ने सरकारी एजेंसियों को नरेला के पॉकेट ॠ-7 और ॠ-8 में पानी, बिजली, सफाई, आंतरिक सड़कें, जल निकासी और स्ट्रीट लाइटिंग जैसी सभी आवश्यक सेवाएं पूरी करने का निर्देश दिया था, जहां वैकल्पिक आवास प्रदान किए गए हैं.

# बेहद चिंतित हैं, दोनों पक्षों से तनाव वाले कदमों से बचने का आग्रह किया

## ईरान-इजराइल टकराव पर भारत बोला

**इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान की राजधानी पर हमला कर दिया और देश के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया जिसके बाद पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका तेज हो गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है।**

एजेंसी

इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान की राजधानी पर हमला कर दिया और देश के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया जिसके बाद पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका तेज हो गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। इजराइल ने ईरान के मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशाना बनाया और हमले के बाद वहां से काला धुआं हवा में उठता देखा गया। इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के



प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। देश के सरकारी टेलीविजन ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि इन हमलों में शीर्ष सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह ईरान और इजराइल के बीच हाल के घटनाक्रमों को लेकर बहुत चिंतित है और उभरते हालात पर बारीकी से नजर रख रहा है। नयी दिल्ली ने दोनों देशों से किसी भी तरह के तनाव बढ़ाने वाले कदमों से बचने का आग्रह किया है।

### इजराइल ने ईरान में परमाणु संवर्धन केंद्रों समेत कई जगहों पर हमले किए

विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने, सुरक्षित रहने और स्थानीय सुरक्षा परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने के बीच विदेश मंत्रालय ने यह बयान जारी किया। खबरों के अनुसार, इजराइल ने ईरान में परमाणु संवर्धन केंद्रों समेत कई जगहों पर हमले किए हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने भी इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच हाल के घटनाक्रमों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं।

# श्रद्धालुओं से भरी डीसीएम पलटी, 18 लोग जख्मी

## टीकमगढ़ से संगम आए थे, एक की हालत गंभीर, फोर्ट रोड पर हुआ हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ से आए श्रद्धालुओं से भरा डीसीएम पलट गया। डीसीएम में कुल 27 श्रद्धालु सवार थे, जो संगम स्नान के लिए प्रयागराज आए थे। हादसे में 18 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हादसा फोर्ट रोड पर संगम चौकी के पास हुआ। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और संगम पुलिस चौकी की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और तत्काल स्वरूप रानी नेहरू (रफठ) अस्पताल भेजा गया। वहां डॉ. आर. बी. कमल ने बताया कि घायलों में अधिकांश को मामूली चोटें हैं और सभी का इलाज चल रहा है। इस मामले में डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि डीसीएम में क्षमता से अधिक लोग सवार थे, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है। मुकेश पाल 34 वर्ष, गोहर पाल 17 वर्ष, घनश्याम पाल 38 वर्ष, चेतन पाल 38 वर्ष, चिंटू पाल 38 वर्ष, मनीष 10 वर्ष, संजेश 11 वर्ष, मणिलाल 65 वर्ष, लेखराज 24 वर्ष, घनश्याम 32 वर्ष, कमलेश 34 वर्ष, धर्मराज 33 वर्ष, गयादीन 45 वर्ष, गौरा 60 वर्ष। दो जख्मी की पहचान नहीं हो सकी है।




# डॉक्टरों की मानवीय पहल

## अहमदाबाद हादसे के पीड़ितों के लिए रक्तदान और चिकित्सा सहायता की तैयारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, अहमदाबाद में हुए भयावह विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक घटना में जहां विमान में सवार यात्रियों की जान गई। वहीं जिस मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर विमान गिरा, वहां पढ़ने वाले कई मेडिकल स्टूडेंट्स और स्टाफ की भी दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से प्रयागराज के डॉक्टर भी गहरे दुख में हैं। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन और सर्जन एसोसिएशन की ओर से हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुजीत सिंह ने बताया कि 14 जून को देशभर में ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रयागराज में भी विशेष ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अहमदाबाद हादसे के घायलों को जरूरत पड़ने पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। डॉ. सुजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि स्थिति की मांग हुई तो प्रयागराज से चिकित्सकीय टीम अहमदाबाद भेजने के लिए भी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ औपचारिकता नहीं है, बल्कि चिकित्सकों का समाज के प्रति दायित्व है। साथ ही प्रयागराज में 8 जून से 15 जून तक सर्जन्स सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका समापन 15 जून को सर्जन्स डे के आयोजन के साथ होगा। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में रोगियों से संवाद, सर्जिकल स्किल वर्कशॉप, ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पौधारोपण और योग सत्र शामिल हैं।

डॉ. संतोष सिंह ने कहा कि यह आयोजन चिकित्सा समुदाय और समाज के बीच एक मजबूत पुल का काम करेगा, और आने वाले वर्षों में इसे राष्ट्रीय स्तर पर और व्यापक रूप में मनाया जाएगा।

## संक्षेप

### बिजली आपूर्ति की समस्या

**व्यापार मंडल ने अधीक्षण अभियंता को दिया सुझाव पत्र, कटौती की शिकायत**

सुलतानपुर, बिजली आपूर्ति की समस्याओं को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने पहल की है। प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने अधीक्षण अभियंता विपुल कुमार जैन को सुझाव पत्र सौंपा। नगर क्षेत्र और प्रमुख बाजारों में लगातार बिजली कटौती से व्यापारी और आम लोग परेशान हैं। कई स्थानों पर अधिभारित ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि कंट्रोल रूम में उनकी कॉल रिसीव नहीं होती। मीटर रीडिंग में अनियमितता के कारण गलत बिल आ रहे हैं। कुछ पावर हाउसों पर अत्यधिक लोड से ट्रिपिंग की समस्या है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि योगी सरकार बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए प्रयास कर रही है। कई क्षेत्रों में इसका लाभ भी मिला है। लेकिन सुलतानपुर में स्थानीय स्तर पर और सुधार की जरूरत है। अधीक्षण अभियंता ने मौके पर ही व्यापारियों के साथ बैठक की। व्यापारियों ने बिजली आपूर्ति सुधार के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। समाधान का मिला आश्वासन अधीक्षण अभियंता ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। व्यापार मंडल ने भी विभाग को सहयोग का वादा किया। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री अनुप श्रीवास्तव, संरक्षक सत्य नारायण मोदनवाल, मीडिया प्रभारी जयप्रकाश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कसौंधन और तहसील अध्यक्ष रवि कसौंधन मौजूद थे। सभी ने बिजली व्यवस्था को सुचारु और पारदर्शी बनाने की मांग की।

### जमोली में सफाई को लेकर भाई-बहन में विवाद

**भाई और उसके परिवार ने बहन पर किया हमला, सिर में गंभीर चोट**

सुलतानपुर, जनपद में घरेलू सफाई को लेकर भाई-बहन के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जमोली गांव की रहने वाली जसोमती ने अपने भाई और उसके परिवार पर हमले का आरोप लगाया है। जसोमती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर की सफाई कर रही थीं। इस दौरान उनके भाई ने सफाई को लेकर विवाद शुरू कर दिया। मामला बढ़ने पर भाई की पत्नी और उनके साथ दो लोगों ने मिलकर जसोमती पर हमला कर दिया। इस हमले में जसोमती के सिर में चोटें आईं। थाना अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**आरोपी से पुलिस ने बरामद किया पिस्टल और कारतूस, आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज**

सुलतानपुर, कादीपुर पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। कादीपुर थाना पुलिस ने मुडिलाडीह गांव के 26 वर्षीय सुंदरम अग्रहरि को हिरासत में लिया। आरोपी के पास से 0.32 बोर की एक अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# पंडित हीरालाल विधि महाविद्यालय का शुभारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंतू, प्रतापगढ़ (उ. प्र.) में स्थित पंडित हीरालाल विधि महाविद्यालय का शुभारंभ होने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस महाविद्यालय की अध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा तथा संरक्षक पूर्व विधायक बृजेश सौरभ हैं। यह महाविद्यालय प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया, प्रयागराज एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिसमें त्रिवर्षीय एलएलबी के संचालन हेतु 120 सीटें स्वीकृत हैं। शैक्षिक सत्र 25-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। गौरवतलब रहे कि बृजेश सौरभ मूल रूप से अंतू के कपासी गांव के रहने वाले हैं। इन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ के साथ बुनियादी व्यवस्थाओं को जिले में स्थापित करने का महानीय कार्य किया है। पंडित हीरालाल छविराज कुंवरि जी महाविद्यालय की स्थापना करके अंतू में उच्च शिक्षा की एक अलख जगाई। जिसमें बी ए, एम ए, बी एड जैसे कई कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। सौरभ का कहना है कि जब



उच्च शिक्षा गांव के अंतिम व्यक्ति को प्रदान की जाएगी, तभी सही मायने में भारत को सशक्त और स्वर्णिम बनाया जा सकेगा, क्योंकि भारत के विकास का रास्ता गांव से ही होकर गुजरता है। यदि गांव शिक्षित एवं सशक्त बनेगा तो राष्ट्र स्वमेव प्रगति के नित नए सोपान गढ़ेगा। सौरभ का समूचा जीवन गांव, समाज एवं राष्ट्र को समर्पित है।

# महिला चढ़ी दहेज की बलि

## पिता का आरोप-बेटी ने फोन पर बताया था जान का खतरा, ससुराल वालों ने दी मौत की खबर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली अंतर्गत कमरांता गांव में एक विवाहिता की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की बात कही। वही मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जौनपुर के रुस्तमपुर निवासी सुभाष चंद्र तिवारी ने अपनी बेटी की मौत को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी बेटी कुसुम की मौत के लिए दामाद मयंक मिश्रा और उसके परिवार को जिम्मेदार ठहराया है। सुभाष के अनुसार, उनकी बेटी कुसुम की शादी 8 मार्च 2018 को सुलतानपुर के कमरांता गांव निवासी मयंक मिश्रा से हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था। लेकिन



शादी के बाद से ही कम दहेज के लिए कुसुम को प्रताड़ित किया जाता था। पति मयंक, देवर मनीष, ससुर राकेश और सास सरोज मिश्रा चार पहिया वाहन की मांग करते थे। कुसुम और उसके पिता ने गरीबी का हवाला देकर असमर्थता जताई। 12 जून को शाम करीब 4 बजे कुसुम ने अपने पिता को फोन कर बताया कि उसे मारा-पीटा गया है। उसने जान का खतरा भी जताया। कुसुम के ससुर राकेश मिश्रा ने फोन कर सूचना दी कि कुसुम ने जहर खा लिया है।

पिता का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। इस मामले में कई बार पंचायत भी हुई थी। पीड़ित पिता ने पुलिस से उचित धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की है। कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है।

# मां ने बेटी पर फेंका खौलता पानी

- प्रेमी संग भागते समय रोका तो किया हमला, एम्स रायबरेली रेफर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज थाना क्षेत्र के राघीपुर गांव में एक मां ने अपनी बेटी पर खौलता पानी फेंक दिया। यह घटना तब हुई जब मां अपने प्रेमी के साथ भाग रही थी और बेटी ने उसे रोकने का प्रयास किया। घटना आज सुबह की है। पांच बच्चों की मां अपने अज्ञात प्रेमी के साथ घर से भाग रही थी। घर में मौजूद बेटी ने जब मां को रोकने का प्रयास किया, तो मां और उसके प्रेमी ने पास में रखा खौलता पानी बेटी पर फेंक दिया। हमले के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। झुलसी हुई किशोरी को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे रायबरेली एम्स रेफर कर दिया गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मां और उसके प्रेमी के खिलाफ धारा 118(1) और 351(4) के तहत



मुकदमा दर्ज किया है। गौरीगंज के इंस्पेक्टर श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# वृक्षारोपण अभियान की तैयारी शुरू

- अमेठी डीएम ने कादूनाला वेटलैंड और पौधशाला का किया निरीक्षण, परखी गुणवत्ता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, जनपद में वषार्काल को देखते हुए व्यापक वृक्षारोपण अभियान की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कादूनाला वेटलैंड और पौधशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों की उपलब्धता, प्रजातियों की गुणवत्ता और रोपण स्थलों की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को पौधों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रोपण के बाद नियमित रखरखाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम बनाना होगा। चिन्हित स्थलों पर गड्ढों की खुदाई और



सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और स्वयंसेवी संगठनों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से यह अभियान सफल होगा और जनपद हरित व स्वच्छ बनेगा।

# बेटी ने देश के लिए जीता सोना

## इंग्लैंड में हुई यूरोपियन एंड कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप, गीतांजलि ने जीते 2 मेडल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, बेटियां लगातार देश का नाम रोशन कर रही हैं। एक बार फिर अलीगढ़ की बेटी और सुप्रीमकोर्ट की सीनियर एडवोकेट गीतांजलि शर्मा ने देश का नाम रोशन किया है और इंग्लैंड में हुई यूरोपियन एंड कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में तिरंगा लहराते हुए देश के लिए गोल्ड मेडल हासिल किया है। उन्होंने इंग्लैंड में हुई चैंपियनशिप में मास्टर कैटेगरी में भाग लिया। गीतांजलि ने मास्टर आयु वर्ग के 50 से 55 आयु वर्ग और 67 आयु वर्ग में हुई प्रतियोगिता में देश के लिए दो गोल्ड मेडल जीते हैं। उन्होंने 110 किलो की डेड लिफ्ट कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। जीत हासिल करने




के बाद जब वह भारत लौटी तो एयरपोर्ट में उनका स्वागत किया गया। एडवोकेट गीतांजलि शर्मा ने बताया कि वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग यूनियन और ब्रिटिश पॉवर लिफ्टिंग फैडरेशन के तत्वावधान में यूरोपियन एंड कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता इंग्लैंड के रग्बी बट्स स्टेडियम में 6 से 8 जून तक खेली गई। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के विभिन्न देशों के खिलाड़ी शामिल हुए थे। उन्होंने भारत की ओर से मास्टरमैन एज ग्रुप में भागीदारी करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया और दो गोल्ड मेडल जीते हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद गीतांजलि भारत वापस लौट चुकी हैं।

अगले सप्ताह वह अलीगढ़ आएंगी। अलीगढ़ के छोटे से गांव केशवपुर जोफरी की बेटी गीतांजलि शर्मा लगातार जिले का नाम रोशन कर रही हैं। वह सुप्रीमकोर्ट की सीनियर एडवाइजर होने के साथ ही स्पोर्ट्स एथॉरिटी ऑफ इंडिया की लीगल एडवाइजर भी हैं।

बीते दिनों उन्हें नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी के जरिए एंटी डोपिंग एपील पैनल का वाइस चेयरमैन भी नियुक्त किया गया था। वहीं गीतांजलि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए भी लगातार काम कर रही हैं।

# यूपीएससी परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगी

## हरियाणा की युवती से ठगे 27 लाख रुपए, मथुरा पुलिस ने सायबर ठग युवक के पिता को किया गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के पीआरओ बनकर हरियाणा की युवती से ठगी करने वाले आरोपी के पिता को मथुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने यूपीएससी परीक्षा पास कराने के नाम पर युवती से 27 लाख रुपए और 19 सोने की सिक्के ठगे थे। आरोपी युवक को वाराणसी पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वाराणसी पुलिस ने मथुरा के गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव देवसेरस में




छापा मारकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य मुनफेद को गिरफ्तार किया था। वाराणसी पुलिस मुनफेद को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। जहां उसने पूछताछ में बताया कि वह लोग सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को अपने झांसे में फंसाते हैं। उन्होंने पानीपत की एक युवती को यूपीएससी की परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगा था। जिसके रुपए उसके घर में पिता के पास मौजूद हैं। मुनफेद से मिली जानकारी को वाराणसी पुलिस ने मथुरा पुलिस से शेयर किया। इसके बाद मथुरा पुलिस ने मुनफेद के घर छापा मारा और उसके पिता व गैंग के सदस्य आमीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आमीन की निशानदेही पर घर में रखे 13 लाख 95 हजार रुपए और 19 सोने के सिक्के बरामद किए।

# शराब बिक्री ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## मई में लक्ष्य से 6.5 करोड़ अधिक की बिक्री, नई आबकारी नीति और शादी सीजन बना कारण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी जिले में मई महीने के दौरान शराब बिक्री ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आबकारी विभाग को मिले 24.5 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 32 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की गई। इस उल्लेखनीय वृद्धि का मुख्य कारण प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति है। मार्च में लागू की गई इस नीति के तहत अंग्रेजी शराब और बियर की दुकानों को कंपोजिट किया गया। पहले जहां बियर की 43 और अंग्रेजी शराब की 47 अलग-अलग दुकानें थीं, वहीं अब कुल दुकानों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है। नई व्यवस्था में ग्राहकों को एक ही दुकान पर बियर और शराब दोनों उपलब्ध होने लगी है। साथ ही नए स्थानों पर भी दुकानें खोली गई हैं। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य के अनुसार, बिक्री में इस वृद्धि के पीछे नई आबकारी नीति के साथ-साथ शादी का सीजन भी प्रमुख कारण रहा।

# अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## कांग्रेस कार्यकताओं ने कैंडल जलाकर किया याद, सभी कार्यक्रम किए रद्द

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सुल्तानपुर में कांग्रेस कार्यकताओं ने राजीव गांधी पार्क में कैंडल मार्च निकाला। इस दुखद घटना के कारण संविधान बचाओ सम्मेलन सहित अन्य कार्यक्रम भी निरस्त कर दिए गए। कांग्रेस नेता शकील अहमद ने कहा कि अहमदाबाद एयरपोर्ट पर हुई यह घटना पूरे देश को झकझोर देने वाली है। उन्होंने बताया कि शाम को सूचना मिलते ही सभी कार्यक्रम रद्द कर शोक सभा का आयोजन किया गया। वरुण मिश्रा ने बताया कि विमान हादसे में भारत के 169, ब्रिटेन के 53 और एक कनाडाई नागरिक की मृत्यु हुई है। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राजीव गांधी पार्क में कैंडल मार्च निकाला गया। सभी मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।




स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी